# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025



# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU — विद्या परं दैवतम् — DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

## YOUR GATEWAY TO A GLOBAL FUTURE @ CVRU WITH IBM/GOOGLE

INDUSTRY-ALIGNED DEGREES WITH GLOBAL CERTIFICATIONS

Affordable | Future-Ready | Globally Recognized

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

- AI & Machine Learnig
- Data Science
- AR, VR & Gaming
- IoT & AI

- Globally Recognized IBM Certifications
- Industry-Relevant Curriculum
- Smart Classrooms & Labs
- Placement Assistance & Career Guidance

## ADMISSIONS OPEN

SESSION-2025-26

18 YEARS OF EXCELLENCE

### PROGRAMMES OFFERED

**ENGINEERING & TECH.**

- B.Tech. [BE-115]*
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
  - Electrical Engineering
  - Electronics & Comm. Engg
  - Computer Science Engg.
  - Electrical & Electronics Engg.
- Poly Diploma [DE-171]*
  - Civil Engineering
  - Mechanical Engineering
  - Computer Science Engg.
  - Electrical Engineering
- M. Tech. [ME-115]*
  - Digital Communication
  - Power System
  - Computer Science Engg.
  - Production Engineering
  - VLSI • Software Engg.
- UG Diploma in Fire Safety Management

* DTE COUNSELLING CODE

**SCIENCE**

- B.Sc. (Mathematics, Microbiology, Biotech, Computer Science, Biology, Rural Technology)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Tech., Applied Physics)
- PGDRD

**PHYSICAL EDUCATION**

- B.P.E.S. | M.P.E.S.

**EDUCATION**

- B.Ed. | M.Ed.

**INFORMATION TECH.**

- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A.
- B.C.A. • D.C.A.

**LAW**

- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

**PHARMACEUTICAL SCIENCES**

- B. Pharm-(4-Year Course)
- D. Pharm-(2-Year Course)
- M. Pharm-(2-Year Course)
- UG Nutrition & Dietetics

**MANAGEMENT**

- B.B.A.| M.B.A. |PGDBM

**COMMERCE**

- B.Com. | M.Com.

**ARTS**

- B.A. (Chhattisgarhi, Hindi, Sanskrit, English, Economics, Geography, History, Political Science, Sociology)
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar)
  B.P.A. | M.P.A.
- M.A.
  - Linguistics- (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit,
  - UG Diploma in Foreign Language
  - Diploma in Karmakand
  - Diploma in Jyotish evam Vastu
  - Social Science - (History, Geography, Economics, Sociology, Political Science, Education, Rural Development)
  - PG Diploma in Geospatial Technology
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- B.J. | M.J.

**B.VOC (Work Integrated Learning Program)**

- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services & Insurance • AC & Refrigeration
- Construction • Home Care
- Production Technology
- House Keeping
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing
- Interior Decoration
- Hospital Administration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)

**Research Programmes**
Ph.D.

## Centre for Distance and Online Education (CDOE)

Programmes Offered :

BBA | MBA | B.Com | M.Com
B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc.
B.A. (General) | M.A. (Hindi)
M.A. (English) | M.A. (Sanskrit)
M.A. (History)

## Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

- ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये — University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956
- The BCI (Bar Council of India)
- The AICTE (All India Council of Technical Education) Bilaspur
- The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)
- NCTE — The NCTE (National Council for Teacher Education)
- The PCI (Pharmacy Council of India,
- ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये — University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

## Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states

## CVRU-SET

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY-SCHOLARSHIP ENTRANCE TEST

विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन परीक्षा

SCAN QR CODE FOR SCHOLARSHIP ENTRANCE TEST

## Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

wipro, vedanta, Bajaj Finserv, ICICI Bank, SGS, Reliance, Paytm, Reliance Jio, vivo, Justdial, kotak, Apollo, Manappuram Finance Limited, Deloitte, Inmovidu, Binomial, Fullerton India, BYJU'S, IndusInd Bank, ESAF, airtel, Birla Sun Life Insurance

ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES
**6261-900581, 6261-900582**

ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION
**9302969342, 9617772312**

SCAN QR CODE FOR ADMISSION ENQUIRY

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.)
Ph. +91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873,
E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

www.cvru.ac.in Follow us on:

**City Office:** Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPRAYAS



छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जंयती के अवसर पर 15 अगस्त से अगले साल फरवरी तक 25 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रजत जयंती वर्ष की रुपरेखा तैयार करने के सिलसिले में सरकारी तैयारी शुरु हो गई है।छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए आयोजित इस बैठक में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर शामिल हुए।

# राज्य निर्माण की रजत जयंती, 15 अगस्त से 25 हफ्ते चलेंगे कार्यक्रम

## सरकारी तैयारी शुरु, अगले साल तक होंगे कार्यक्रम, सभी सचिव, विभागाध्यक्ष, कमिश्नर- कलेक्टर शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रजत जयंती वर्ष में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताहों के दौरान राज्य के सभी विभागों, मंत्रियों के कई कार्यक्रम शामिल होंगे। हर विभाग के होंगे कार्यक्रमरजत जयंती वर्ष का आयोजन दो चरणों में होगा। पहला चरण 15 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। दूसरा चरण 01 नंवबर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक होगा। रजत जयंती वर्ष के आयोजन के अवसर पर राज्य शासन के सभी विभागों द्वारा अपने साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उनकी विभागीय योजनाओं एवं राज्य में 25 वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों का समावेश होगा।



**विभागों से मांगी गई कार्ययोजना:** अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों से शीघ्र ही अपने विभाग की कार्ययोजना संस्कृति सचिव को 5 अगस्त तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टरों को भी जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ का रजत जयंती का उत्सव, युवा, अन्नदाता व नारी पर आधारित होगी, जिसमें इनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जनभागीदारी, सरकारी और निजी क्षेत्र से जुड़े लोगों सहित आम जनमानस की सक्रियता और सहभागिता से जनगौरव और देशभक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### संस्कृति सचिव ने दिया प्रजेंटेशन

बैठक में संस्कृति विभाग के सचिव रोहित यादव ने रजत जयंती वर्ष आयोजन के संबंध में प्रस्तुतिकरण के जरिए विस्तार से जानकारी दी। आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. रवि मित्तल ने रजत जयंती कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों के दौरान विभागों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का समावेश होना चाहिए। रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला स्तर तथा राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। बैठक में विभागीय सचिवों से कहा गया है कि वे शीघ्र ही राज्य एवं जिला स्तर पर अपने विभागीय अधिकारियों की नियुक्ति कर दें। रजत जयंती के कार्यक्रम में प्रदर्शनी, जनसम्पर्क भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यिक संगोष्ठी सहित विद्यालय और महाविद्यालय में प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन की सफलता के लिए राज्य शासन के सभी विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है।

# प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण के लिए बनेगी कमेटी, उद्गम स्थलों के पुनर्जीवन के लिए बनाई जाएगी कार्ययोजना

*जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया शासन को निर्देश, राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश*

बिलासपुर। राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संर्वधन पर यह कमेटी काम करेगी।

जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। हालांकि कोर्ट ने गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के उस आवेदन को नहीं माना जिसमें क्षेत्र की नदियों का हाईटेक सर्वे कराने के लिए 2 करोड़ 60 लाख रुपए की मांग की गई थी। अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान 2018 में बनाई गई भागवत कमेटी की बात याचिकाकर्ताओं की तरफ से उठाई गई। यह कमेटी नदियों के संरक्षण पर काम करने के लिए बनी थी।



### छोटी-बड़ी 19 नदियां निकलती हैं प्रदेश से

याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्गम है। इनमें धमतरी के सिहावा से महानदी, राजनांदगांव के अंबागढ़ से शिवनाथ नदी, कांकेर के भानुप्रतापपुर से तांदुला नदी, मनेन्द्रगढ़ के रामगढ़ से हसदेव नदी, गुरुर के पेटेचुआ से खारून नदी, महासमुन्द से जोंक नदी बिन्द्रानवागढ़ से पैरी नदी, मैनपाट से माड नदी, जशपुर के पंरापाट से ईब नदी, रायगढ़ के लुडेग से केलो नती, कोरबा के पठार से बोराई नदी, मलाजकुंडम से दूध नदी, बिलासपुर के खुड़िया पठार से कन्हार नदी, सरगुजा की मातरिंगा पहाड़ी से रिहन्द नदी, दुर्ग के उच्च भूमि से कोटरी नदी, बैलाडील से शबरी नदी, डांगरी-डोंगरी से डंकिन नदी, बैलाडीला से शखिनी नदी, राजनांदगांव के पठार से बाघ नदी और कोडागांव से नारंगी नदी निकलती है।

### इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद रहेंगे कमेटी में

राज्य सरकार ने इस तरह की किसी कमेटी बनाए जाने के बारे में इंकार किया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जानी चाहिए। शासन की ओर से इस पर सहमति जताई गई। इस कमेटी में जानकार तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाएंगे। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना।

### इन नदियों उद्गम स्थल हो रहे विलुप्त

**सोननदी:** पेण्ड्रा से मात्र 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोनमूड़ा नामक स्थान से निकलकर मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश की बहुत बड़ी आबादी के लिए जीवनदायिनी नदी है, जो कि 784 किलोमीटर बहकर बिहार में गंगा नदी में जाकर मिलती है और जिसमें एशिया का सबसे बड़ा पुल बनाया गया था।

**तिपान नदी:** पेण्ड्रा के वार्ड क्रमांक 2 से तिपान नदी का उद्गम हुआ है, जो कि उत्तर दिशा में लगभग 70 किलोमीटर बहकर अनूपपुर (म0प्र0) में सोननदी में जाकर मिलती है।

**अरपा नदी:** पेण्ड्रा नगर के वार्ड क्रमांक 13 से उद्गम होने वाली अरपा नदी दक्षिण दिशा की ओर बहती है और बिलासपुर शहर सहित पेण्ड्रा, गौरेला एवं कोटा तहसील क्षेत्र की बहुत बड़ी आबादी के लिए जीवनदायिनी नदी है, जो कि 147 किलोमीटर से महानदी की सहायक नदी शिवनाथ नदी में जाकर मिलती है।

**बम्हनी नदी:** पेण्ड्रा के घाटबहरा गांव की पहाड़ी से बम्हनी नदी का उद्गम हुआ है। यह नदी लगभग 80 किलोमीटर बहकर कोरबा जिले में हसदेव नदी में जाकर मिलती है।

**तान नदी:** पेण्ड्रा के ग्राम रामगढ़ की पहाड़ी से तान नदी का उद्गम हुआ है। यह नदी भी लगभग 80 किलोमीटर बहकर कोरबा जिले में हसदेव नदी में जाकर मिलती है। इस पर ध्यान नहीं है।

**नर्मदा नदी:** अमरकंटक से निकलकर पश्चिम दिशा की ओर 1221 किलोमीटर बहने वाली नर्मदा नदी का उद्गम स्थल भी पेण्ड्रा जमीदारी में आता था। आजादी के पूर्व पेण्ड्रा के तत्कालीन जमीदार लाल उपेन्द्र दास ने अमरकंटक को उपहार में रींवा के तत्कालीन महाराजा गुलाब सिंह को भेंट कर दिया था।

**जोहिला नदी:** अमरकंटक की पहाड़ी के ज्वालेश्वर नामक स्थान से निकलने वाली जोहिला नदी के उद्गम स्थल के संरक्षण पर भी शासन ने ध्यान नही दिया। इसके अस्तित्व पर भी संकट है।

## बढ़ते प्रदूषण पर हाईकोर्ट सख्त, 60 उद्योगों के निरीक्षण के आदेश

छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई जारी है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन के जवाब को असंतोषजनक मानते हुए सभी 60 उद्योगों का दोबारा निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि प्रदेश में संचालित उद्योगों और कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय किए जा रहे हैं और 36 कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि हाईकोर्ट ने इस जवाब को अपर्याप्त मानते हुए कोर्ट कमिश्नरों, अतिरिक्त महाधिवक्ता और शासन के अधिकारियों को फिर से निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। प्रदेश के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को सीमेंट और लोहे की डस्ट से होने वाली परेशानियों और फेफड़ों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविंद अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। हाई कोर्ट ने इन याचिकाओं को संज्ञान में लेते हुए एक जनहित याचिका पर संयुक्त सुनवाई शुरू की। जांच पूर्व में हाई कोर्ट ने राज्य के उद्योगों का निरीक्षण करने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए थे, जिन्होंने विभिन्न संभागों में उद्योगों का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपी थी। अब कोर्ट के नए आदेश के बाद एक बार फिर सभी 60 उद्योगों की विस्तृत जांच होगी और प्रदूषण की वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट पेश की जाएगी।

# त्योहारी सीजन में सड़कों पर पंडाल, स्वागत द्वार के लिए अनुमति लेनी होगी

**जनहित याचिका की सुनवाई पर शासन ने समय मांगा, कोर्ट ने कहा गाइडलाइन्स लागू रहेगी**

सड़कों पर त्योहारी सीजन में बिना अनुमति के पंडाल और स्वागत द्वार इत्यादि लगाने को लेकर दायर की गई याचिका की सुनवाई सोमवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की युगल पीठ में हुई।

शासन की तरफ से कोर्ट से अतिरिक्त समय यह कहकर मांगा गया कि नई गाइडलाइंस कई विभागों के सहयोग से बनाई जा रही है, जिसमें कुछ समय लगेगा। कोर्ट ने आदेशित किया कि जब तक नई गाइडलाइंस नहीं आ जाती तब तक वर्तमान में अनुमति लेने की गाइडलाइन्स लागू रहेगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग द्वारा 22 अप्रैल 2022 को जारी किए गए आदेश के अनुसार विभिन्न संस्थाओं संगठनों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि आयोजन के पूर्व जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। इससे आम नागरिकों के आवागमन, बाजार व्यवस्था एवं सुरक्षा के उपाय करने तथा सुचारू रूप से प्रशासनिक व्यवस्था बनाई जा सके। आदेश में विविध, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक और अन्य संगठन अथवा संस्थाओं के द्वारा विभिन्न आयोजन, यथा धरना, जुलूस, रैली, प्रदर्शन, भूख हड़ताल, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि आयोजन जिसमें भीड़ आती हो उसके लिए कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य है। इसके तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर घोषणा पत्र देना होगा।

### नहीं ली जाती है अनुमति

याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी के मुताबिक रायपुर शहर में ही वर्ष 2022, 2023, 2024 में त्यौहार और उत्सवों पर लगे पंडालों के लिए ना तो कलेक्टर कार्यालय से अनुमति ली गई ना ही नगर पालिक निगम से। इसी कारण त्योहारी सीजन के दौरान पूरे शहर में अव्यवस्था फैली रही। बिलासपुर, रायपुर की संकरी सडकों में जहां पार्किंग की भी जगह नहीं मिलती, सड़क जाम कर, बिना अनुमति के विभिन्न आयोजन किए जाते हैं जिससे आम लोगों को परेशानी होती है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरी हो गई संजीवनी 108 एम्बुलेंस

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से एक संजीवनी 108 एंबुलेंस की चोरी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि एम्बुलेंस कब और किस दिन चोरी हुई इसकी जानकारी न कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को है और न ही अस्पताल प्रबंधन को हैं। एम्बुलेंस चोरी होने की शिकायत कंपनी के जिला प्रभारी ने पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



इस घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर अस्पताल प्रबंधन हर महीने लगभग 7 लाख रुपए खर्च करता है। संजीवनी 108 एम्बुलेंस का संचालन निजी कंपनी द्वारा किया जाता है। जिले की बात की जाए तो जिले को 17 एम्बुलेंस मिले हुए है जिनका संचालन जरूरत के अनुसार किया जाता है।

### चल रही है जांच

जिला अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस चोरी की शिकायत मणिपुर थाने में की गई है। इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## अब एक घंटा देर से होगी परीक्षा, 15 की जगह 30 मिनट पहले बंद होगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने एक बार फिर अपने नियमों में परिवर्तन किया है। अब व्यापम की परीक्षाएं एक घंटे विलंब से प्रारंभ होंगी। एक पाली में आयोजित होने वाली परीक्षाओं का समय पूर्व में 10 से 12.15 बजे तक निर्धारित था। अब एक पाली में होने वाली प्रत्येक परीक्षाएं सुबह 11 बजे प्रारंभ होंगी और 1.15 बजे तक चलेंगी।




यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने से वंचित ना रहे। कई परीक्षाएं ऐसी होती हैं, जिनमें कुछ ही जिलों में केंद्र बनाए जाते हैं। इस स्थिति में परीक्षा दिलाने कैंडिडेट्स को दूसरे जिलों से आना पड़ता है। बिलासपुर नकल प्रकरण के बाद जांच संबंधित नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इसमें भी पूर्व की तुलना में अधिक समय लग रहा है। परीक्षा समय में वृद्धि का यह भी एक कारण रहा। गौरतलब है कि रविवार को जल संसाधन विभाग के अंतर्गत हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा में राजधानी रायपुर के केंद्रों में लगभग 20 परीक्षार्थियों को विलंब से आने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया था। इसके अलावा एक अन्य बदलाव मुख्य प्रवेश द्वार के बंद होने को लेकर की गई है। व्यापम द्वारा बिलासपुर नकल प्रकरण के बाद व्यवस्था की गई थी कि मुख्य द्वार को 15 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा।

# लैलूंगा में सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला का लोकार्पण

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी, हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

लैलूंगा सोमवार को एक ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना, जब सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला के नवीन भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि एवं आईएनएच मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोकार्पण समारोह के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शाला भवन की स्थापना में सिंघानिया परिवार की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, यह भवन केवल एक संरचना नहीं है, बल्कि समाज के प्रति सिंघानिया परिवार की सेवा भावना और शिक्षा के प्रति उनके योगदान का प्रतीक है। ओपी सिंघानिया सीए के परिवार ने वर्षों पूर्व इस स्कूल भवन की नींव रखी थी, जिसे अब नवीन स्वरूप में तैयार किया गया है। हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव मजबूत करना ही समाज के समग्र विकास का मूल आधार है। स्कूल भवन के नव निर्माण में 50 लाख रुपये की लागत आई है। छात्राओं के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है।



### छात्राओं को भी मिलेगा पढ़ाई का मौका

लोकार्पण समारोह के दौरान मंच पर जब हरिभूमि आईएनएच मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी माइक पर आए, तो माहौल भावनात्मक हो गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए एक विशेष और भावनात्मक क्षण है। उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण में योगदान देने वाले फाउंडेशन के संचालक सदस्य ओपी सिंघानिया के बारे में कहा कि वे एक जमीन से जुड़े और गांव की भावना को जीने वाले व्यक्तित्व हैं। इसी दौरान उन्होंने मंच से वित्त मंत्री ओपी चौधरी से आग्रह किया कि सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नत किया जाए, ताकि गांव की बच्चियां 12वीं तक की शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त कर सकें।

### पंजीयन कार्यालय की सौगात

समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ी सौगात दी। उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही लैलूंगा में पंजीयन कार्यालय खोला जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को रजिस्ट्री जैसे जरूरी कार्यों के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने दो अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की भी जानकारी दी।

# काउंसिलिंग के लिए एजेंसी तय नहीं, उच्च शिक्षा विभाग ने खड़े किए हाथ, माथा पकड़े बैठी एससीईआरटी

- नहीं बन पाई रूपरेखा, बीएड-डीएलएड इस सत्र में रहेगा एससीईआरटी के ही अधीन

**रायपुर।** बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को इस बार लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इसकी वजह अब तक एजेंसी का निर्धारण नहीं होना है।

प्रवेश के बीएड और डी ए ल ए ड पाठ्यक्रमों में दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर दी जाती है। व्यापम ने बीएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम 10 जुलाई को तथा डीएलएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम 11 जुलाई को जारी कर दिए थे। सामान्यतः प्रवेश परीक्षा के नतीजे आने के कुछ दिनों पश्चात ही काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका है।पिछली बार चिप्स द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। एजेंसी का अनुबंध समाप्त होने के बाद इसका नवीनीकरण नहीं किया गया। अब काउंसिलिंग करने से पहले एजेंसी निर्धारण करने की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। इसमें एक माह का समय संभावित है। इसलिए बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम में काउंसिलिंग अगस्त माह में ही शुरू हो सकेगी। पंजीयन से लेकर मेरिट लिस्ट जारी किए जाने संबंधित कार्य एजेंसी द्वारा ही किए जाते हैं।

### नहीं मिलेंगे छात्र

काउंसिलिंग में विलंब होने पर विद्यार्थी अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लेते हैं। एजेंसी का निर्धारण जल्द कर काउंसिलिंग शुरू की जाए, ताकि सीटें भर सकें।

- राजीव गुप्ता, संयोजक, निजी बीएड कॉलेज संघ

### उच्च शिक्षा विभाग के अधीन होगा पाठ्यक्रम

महाविद्यालयों में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में केवल बीएड और डीएलएड ही ऐसे विषय हैं, जिसकी काउंसिलिंग उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की जाती है। बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा की जाती है। पाठ्यक्रम निर्धारण सहित अन्य चीजों का निर्धारण भी एससीईआरटी ही करता है। इसे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन करने सत्र 2024-25 में कमेटी बनाई गई थी। प्राचार्यों और शिक्षाविद की इस कमेटी को बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किए जाने के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट देनी थी। कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग को पाठ्यक्रम सौंपे जाने संबंधित प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकी। यही कारण है इस वर्ष उच्च शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग नहीं की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग के अधीन पाठ्यक्रम जाने की आशंका के कारण एससीईआरटी ने भी तय वक्त पर एजेंसी का निर्धारण नहीं किया।

## गिरफ्तार आरोपियों में शराब सप्लाई करने वाली कंपनी के संचालक भाई भी शामिल

# शराब घोटाला, कमीशन उगाही करने के आरोप में ईओडब्लू ने सीए सहित तीन को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने रविवार को पेशे से सीए उसके भाई तथा घोटाला के आरोप में जेल में बंद अरविंद सिंह के भतीजा को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। घोटाले के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्लू के आवेदन पर स्पेशल कोर्ट ने तीनों को 28 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू, एसीबी ने पेशे से सीए संजय कुमार मिश्रा, उसके भाई मनीष मिश्रा तथा अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया है। संजय कुमार मिश्रा तथा मनीष पर आरोप है कि विदेशी शराब से कमीशन उगाही करने की मंशा से वर्ष 2020-21 में संजय कुमार तथा उसके भाई की नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड को सिंडिकेट में शामिल कर महंगी विदेशी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब सप्लाई करने एफएल-10 लाइसेंस जारी किया गया।

**पूछताछ करने ईओडब्लू ने तीनों को आठ दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया**




### सिंडिकेट को मिलता था 60 प्रतिशत कमीशन

ईओडब्लू के आरोपों के मुताबिक शराब निर्माता कपनियां पहले इन लाइसेंसी कंपनियों को शराब सप्लाई करतीं, फिर उस कीमत पर 10 प्रतिशत का मार्जिन जोड़कर यह कपनियां आबकारी विभाग के सीएसएमसीएल को शराब बेचती थीं। इस प्रकार 10 प्रतिशत का अतिरिक्त लाभ इन लाइसेंसी कपनियों को हो रहा था। इस लाभ का 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडीकेट को जाता था, शेष 40 प्रतिशत हिस्सा लाइसेंसी कपनियां स्वयं रखती थीं। इस दोषपूर्ण लाइसेंसी व्यवस्था के कारण सरकार के राजस्व में करोड़ों का नुकसान हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा अपने लाभ के हिस्से का 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडीकेट के प्रमुख अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा अन्य लोगों तक पहुंचाया जाता था।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025


# शराब घोटाले में ईडी का दावा-चैतन्य को मिले थे 16.70 करोड़ रुपए, रियल स्टेट में इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में हुए 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की पुलिस रिमांड मंगलवार को खत्म हो जाएगी। उससे पहले ईडी ने सोमवार को बयान जारी कर चैतन्य को घोटाले में नकदी 16.70 करोड़ रुपए मिलने का दावा किया है। ईडी के दावों के मुताबिक इस रकम को पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे ने अपने रियल एस्टेट कंपनी में निवेश किया है।

ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों के कमीशन से उत्पन्न ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक अपराध की आय (पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भरी गईं। ईडी जांच से पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपए की पीओसी (प्रोसिड्स आफ क्राइम) प्राप्त हुई थी। उन्होंने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था। यह पता चला है कि उन्होंने पीओसी की उक्त नकद राशि का उपयोग अपनी रियल एस्टेट परियोजना के विकास में किया था। पीओसी का उपयोग उनकी परियोजनाओं के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था।

अलग खबर

## घोटाला में मिली रकम को चैतन्य द्वारा अपनी रियल एस्टेट फर्मों में निवेश करने का दावा

### त्रिलोक ढिल्लन से मिलीभगत का आरोप

ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक चैतन्य ने त्रिलोक सिंह ढिल्लन के साथ भी मिलीभगत की और अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया, जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह के कर्मचारियों के नाम पर अपने विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदी की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपए प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि लेनदेन की संबंधित अवधि के दौरान त्रिलोक सिंह ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया था।


शराब घोटाले में पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य तक आंच, छापे के बाद ईडी ने किया गिरफ्तार, कांग्रेस का हंगामा

### एक हजार करोड़ रुपए मैनेज करने का आरोप

ईडी ने जारी बयान में शराब घोटाले से उत्पन्न एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के पीओसी को मैनेज करने का भी आरोप लगाया है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष (रामगोपाल अग्रवाल) को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे। ईडी द्वारा की गई जांच से पता चला है कि इस शराब घोटाले से प्राप्त धनराशि को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को भी सौंप दिया गया था। इस निधि के अंतिम उपयोग की आगे जांच की जा रही है। इससे पहले ईडी ने शराब घोटाला में पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, ▶▶| शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 3,700 तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से रवाना



**जम्मू।** अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 3,700 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दोनों आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी। इसके शुरू होने के बाद से अब तक तीन लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

### मरीज के पेट से 10 किलो का ट्यूमर निकाला

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने एक मरीज की सर्जरी कर उसके पेट से 10.6 किलोग्राम वजन के 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर' को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। यह ट्यूमर उसके कई भीतरी अंग प्रणालियों पर अत्यधिक दबाव डाल रहा था। 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर' हैं। ट्यूमर मरीज के पेट और उसके आस पास के अंगों के आवरण समेत लगभग सभी हिस्सों तक फैल गया था।

### 76 करोड़ की कीमत के मादक पदार्थ जब्त



**इंफाल।** असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त अभियान के दौरान जिरीबाम जिले से 76 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। साबुन के 616 डिब्बों में छिपाकर रखी गई हेरोइन और प्रतिबंधित 'मेथामफेटामाइन' की 50,000 गोलियां जब्त कीं।

### कश्मीर के किश्तवाड़ में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार देर रात भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रविवार देर रात एक बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र किश्तवाड़ के पास सतह से 10 किलोमीटर नीचे 33.17 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 75.87 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

### सांसद मिधुन को केंद्रीय जेल में रखा गया



**राजामहेंद्रवरम।** राजमपेट के सांसद पी. वी. मिधुन रेड्डी को यहां केंद्रीय कारागार में रखा गया है। एसआईटी ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुए कथित 3,500 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में रेड्डी को गत 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। 20 जुलाई को रात आठ बजकर 50 मिनट पर कारागार में दाखिल हुए।

## संसद का मानसून सत्र

### पहले ही दिन जमकर हंगामा कार्रवाई दिनभर रही बाधित

*संसद के मॉनसून सत्र का आगाज बेहद हंगामेदार रहा। राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। जिस समय यह सब हो रहा था, तब प्रश्नकाल चल रहा था। संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और प्रधानमंत्री जवाब दें।*

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर महासंग्राम, लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे होगी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और कई अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक, दूसरी बार अपराह्न दो बजे तक और फिर चार बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम चार बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कार्यवाही सुचारू तरीके से चलने देने की अपील की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने की अपील करते हुए कहा, आपने सुबह से सदन नहीं चलने दिया है। कार्यवाही चलने दीजिए। सैकिया ने आज सदन की कार्यसूची में सूचीबद्ध 'गोवा राज्य विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व ▶▶| शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

**21** जुलाई से 21 अगस्त तक 32 दिन चलेगा सत्र

**18** बैठकें होंगी 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे



### बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास

राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा। यह बिल समुद्री रास्ते से भेजे गए सामान के लिए एक पक्का डॉक्यूमेंट (बिल ऑफ लैडिंग) प्रदान करता है, जो यह साबित करता है कि सामान जहाज पर लदा हुआ है। बिल मार्च में लोकसभा से पास हुआ था।

### नए इनकम टैक्स बिल पर कमेटी ने दिए सुझाव

इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की गई। कमेटी ने सुझाव दिए कि वित्त मंत्रालय व्यक्तिगत करदाताओं को बिना किसी जुर्माने के तय तारीख के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करके टीडीएस रिफंड लेने की अनुमति दे। साथ ही रिलीजियस कम चैरिटेबल ट्रस्ट को मिलने वाले गुमनाम दान को टैक्स से छूट दी जाए। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

### पहलगाम आतंकी हमला कायरतापूर्ण एवं दुखद : धनखड़

राज्यसभा में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को कायरतापूर्ण और दुःखद बताते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि इसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई, जिससे देश की सामूहिक अंतरात्मा आहत हुई। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन उच्च सदन की बैठक में सभापति धनखड़ ने कहा, पहलगाम हमले के बाद देश एकजुट हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सीमा पार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और जनता की एकजुटता ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त किया।

### रक्षामंत्री बोले- चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार

इधर, संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सभी सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे रक्षा संबंधी जिस भी विषय पर चर्चा चाहते हैं, जितनी लंबी चर्चा चाहते हैं, लोकसभा अध्यक्ष जो भी निर्णय लेंगे, हम उसके तहत ऐसी किसी भी चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### राहुल गांधी के लिए बोलने की मांगते रहे अनुमति

कांग्रेस के सदस्य आसन से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की अनुमति दिए जाने की मांग रहे थे। इस दौरान, पीठासीन सभापति पाल ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा कि जिन भी विषयों पर चर्चा की सहमति बनेगी, सरकार उसके लिए तैयार है। विपक्ष को बोलने का मौका दिया जाएगा।

## पीएम मोदी बोले- 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ऐतिहासिक

- संसद के मानसून सत्र को पीएम ने बताया 'विजयोत्सव' की तरह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पूर्व, इसे 'विजयोत्सव' करार देते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि संसद सदस्य एक स्वर में इस गौरवपूर्ण भावना को व्यक्त करेंगे। मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की और कहा कि उन्होंने 'आतंकवाद के आका' पाकिस्तान को बेनकाब किया। यह मानसून सत्र एक 'विजयोत्सव' है।

### 22 मिनट में आतंकवादियों के ठिकाने जमींदोज

पीएम मोदी ने कहा कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मार कर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार में कहा था कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और 'मेड इन इंडिया' के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है।

### सिकुड़ रहा नक्सलवाद

प्रधानमंत्री ने माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा, लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, देश में लंबे समय से नक्सलवाद रहा, लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद सिकुड़ रहा है। कल तक जो 'रेड कॉरिडोर' थे वह आज 'ग्रीन, ग्रोथ जोन' में परिवर्तित हो रहे हैं।

**सीबीआई अफसर बनकर भेजा वारंट**

# डिजिटल अरेस्ट की धमकी, रिटायर्ड कर्मी से 32 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी को मोबाइल फोन पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगों ने साढ़े 32 लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठगों ने खुद को टेलीकॉम अथारिटी और सीबीआई प्रोसेसिंग अफसर बताकर वाट्सएप पर वारंट भेजा था। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी तुषारकर देवांगन उम्र 65 वर्ष निवासी शंकर नगर कालोनी जांजगीर के मोबाइल फोन पर पिछले दिनों फोन आया। फोन करने वालों ने खुद को टेलीकॉल अथॉरिटी और सीबीआई प्रोसेसिंग अफसर बताते हुए अपना नाम विजय खन्ना और रश्मि शुक्ला बताया। 3 जुलाई को व्हाट्सएप के जरिए किए गए कॉल में उन्होंने तुषारकर देवांगन को मनी लॉडिंग के केस में संलिप्त बताते हुए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 4 बैंक खाते और दो फोन पे में पैसे ट्रांसफर

ऐसे में तुषारकर देवांगन उसके झांसे में आ गया। उनके बताए अनुसार 4 अलग-अलग बैंक अकाउंट में और दो फोन पे के माध्यम से कुल 6 किस्त में 32 लाख 54 हजार 996 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इतनी बड़ी राशि देने के बाद उसने उक्त लोगों से उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उनके नंबर बंद आए, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। सेवानिवृत्त कर्मचारी देवांगन ने सिटी कोतवाली जांजगीर पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

### मामले की जांच की जा रही

मोबाइल फोन पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर सेवानिवृत्त कर्मचारी से साढ़े 32 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

-प्रवीण द्विवेदी, प्रभारी, सिटी कोतवाली

# मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने ले ली दो ग्रामीणों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नक्सलियों ने एक बार फिर दो ग्रामीणों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नृशंस हत्या कर दी। मामला बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के ग्राम छुटवाई व बड़ा तर्रेम गांव की है। रविवार रात हथियारबंद नक्सली दोनों ग्रामीणों के घर पर पहुंचे और बाहर बुलाकर धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी। नक्सलियों ने 20-21 जुलाई की दरम्यानी रात ग्राम छुटवाई निवासी कवासी जोगा 55 वर्ष व ग्राम बड़ा तर्रेम निवासी मंगलू कुरसम लगभग 50 वर्ष की हत्या कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक 4-5 की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सशस्त्र नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में



उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि नक्सली बौखलाहट में कायराना हरकत को अंजाम देते हुए आम नागरिकों को निशाना बना रहे है। इसकी कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र नक्सलवाद अब अपने अंतिम समय पर है। और बौखलाहट में आकर नक्सली कायराना हरकत कर रहे हैं। सुरक्षा बल पूरी सावधानी और सजगता से कार्रवाई कर रहे हैं और नक्सलियों के इस कायराना करतूत से बस्तर की जनता डरने वाली नहीं है।

*सभी जिलों में 11 से 2 बजे तक एनएच पर रोके जाएंगे मालवाहक वाहन*

# कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी आज, रोकी जाएंगी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक पांच संभागों के सभी प्रमुख मार्गों राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राजकीय राजमार्गो पर चक्का जाम कर आर्थिक नाकेबंदी करेगी। यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता द्वारा छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा। आर्थिक नाकेबंदी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है। रायपुर में मुंबई, कोलकाता नेशनल हाईवे पर वीआईपी ▶▶| शेष पेज 4 पर



### रायपुर जिले में यहां होगा चक्काजाम


शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में मैग्नेटो मॉल के पास हाइवे पर, विधानसभा रोड सकरी में नारायण कुर्रे व पप्पू बंजारे, दिलबाग ढाबा के पास, साकरा में सांसद छाया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पांच ट्रक एसोसिएशन ने किया किनारा

कई मालवाहक वाहनों को संचालित करने वाले ट्रांसपोर्टरों ने कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी का समर्थन नहीं किया है। इन संघों ने कहा है कि अचानक बंद होने से व्यापार व्यवसाय सीधा प्रभावित होता है। ट्रक चालक मालिकों को भी परेशानी से गुजरना पड़ता है तथा ट्रकों में परिवहन हो रही ▶▶| शेष पेज 4 पर

## इतिहास में दूसरी बार पद पर रहते हुए उपराष्ट्रपति का इस्तीफा

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया पद से इस्तीफा, राष्ट्रपति को भेजा त्यागपत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया और कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। धनखड़ पद पर रहते हुए इस्तीफा देने वाले दूसरे उपराष्ट्रपति हैं। इससे पहले वी वी गिरि ने 20 जुलाई, 1969 को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ ने राष्ट्रपति को ▶▶| शेष पेज 4 पर

### धनखड़ का विपक्ष के साथ कई बार हुआ

राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने कार्यकाल में, धनखड़ का विपक्ष के साथ कई बार टकराव हुआ, जिसने उन पर महाभियोग चलाने का प्रस्ताव भी पेश किया था। उन्हें हटाने का प्रस्ताव, बाद में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया था। यह प्रस्ताव स्वतंत्र भारत में किसी वर्तमान उपराष्ट्रपति को हटाने का पहला मामला था।

### धनखड़ पद पर रहते हुए इस्तीफा देने वाले दूसरे उपराष्ट्रपति

गौरतलब है कि धनखड़ पद पर रहते हुए इस्तीफा देने वाले दूसरे उपराष्ट्रपति हैं। इससे पहले वी वी गिरि ने 20 जुलाई, 1969 को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ का अचानक इस्तीफा राज्यसभा में सरकार के लिए एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम के बाद आया है, क्योंकि जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए विपक्ष द्वारा प्रायोजित एक प्रस्ताव उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया था और उन्होंने सदन में इसका उल्लेख किया था।

### झुंझनू के छोटे गांव से उपराष्ट्रपति के पद तक

जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझनू जिले के किठाना में हुआ था। पिता का नाम गोकल चंद और मां का नाम केसरी देवी है। गांव से पांचवीं तक की पढ़ाई के बाद उनका दाखिला गरधाना के सरकारी मिडिल स्कूल में हुआ। इसके बाद उन्होंने चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में भी पढ़ाई की। 12वीं के बाद उन्होंने भौतिकी में स्नातक किया। इसके बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की। धनखड़ ने अपनी राजनीति की शुरुआत जनता दल से की थी। 1989 में झुंझुनू से सांसद बने। पहली बार सांसद चुने जाने पर ही उन्हें बड़ा इनाम मिला। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था।

चिंतन

# मुंबई ट्रेन धमाके के पीड़ितों को 'इंसाफ' अब भी बाकी

मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपी बरी हो गए। ट्रायल कोर्ट ने फांसी और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायलय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इस केस में एक आरोपी 2015 में ही सबूतों के अभाव में बरी हो गया था। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में आतंकियों सिलसिलेबार सात बम धमाके किए थे। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला बताता है कि महाराष्ट्र एटीएस ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सोता रहा और सबूतों को पुख्ता करने पर ध्यान नहीं दिया। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में साफ कहा है कि 'किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना, यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है, केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है।' ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। यक्ष प्रश्न अब भी वहीं है कि आखिर मुंबई ट्रेन धमाके के असली गुनहगार कौन हैं? सैकड़ों पीड़ितों को इंसाफ कब मिलेगा? सच तो यही है कि धमाके किए गए थे, तो इस अपराध को किसी ने अंजाम दिया होगा, जिनको एटीएस ने पकड़ा, ट्रायल कोर्ट ने सजा दी, वे अगर हाई कोर्ट में बरी हो गए तो फिर असल अपराधी कहां हैं? क्या आतंकवादी घटना की जांच एटीएस इस लापरवाही से करेगी? महाराष्ट्र सरकार ने बेशक कहा है कि वह इस फैसले का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करेगी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले महाराष्ट्र एटीएस की पूरी जांच प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।



मानसून सत्र
राज कुमार सिंह

# पक्ष-विपक्ष की मानसूनी परीक्षा

रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। संसद का मानसून सत्र एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

आम तो संसद का कोई सत्र नहीं होता, पर सोमवार से शुरू हो रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। संसदीय कामकाज के आंकड़े जो भी कहें, पर सत्तापक्ष का आत्मविश्वास और आक्रामकता लौट आने के बावजूद विपक्ष के तेवर बजट सत्र में ढीले तो हरगिज नहीं थे। अब जबकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। जिन परिस्थितियों में पाक-प्रायोजित आतंकी पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की हत्या कर भागने में सफल हो गए और फिर जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से शुरू भारत-पाक संघर्ष में अचानक विराम का श्रेय लेने के दावे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किए, उस पर चर्चा के लिए विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। विपक्ष ने अतीत के उदाहरण भी दिए थे। सरकार ने संसद में चर्चा का सही समय न होने का तर्क देते हुए उस मांग को न सिर्फ ठुकरा दिया, बल्कि विपक्ष के राष्ट्र प्रेम पर सवाल भी उठाए। हां, उसी के चलते संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का ऐलान अवश्य 47 दिन पहले ही कर दिया, जो एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

कमोवेश इसी समय संसद का मानसून सत्र हर वर्ष होता है, इसलिए सरकार की विधायी कार्यों की अपनी तैयारी है। सरकार आठ महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित कराने का इरादा रखती है, जिनमें लंबे अरसे से जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी विधेयक भी शामिल है। लगता है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा वहां अभी तक अपना घर भी दुरुस्त नहीं कर पाई है। अनुभव बताता है कि संसदीय गतिरोध के बावजूद सरकारें विधायी कार्य निपटाने का रास्ता निकाल ही लेती हैं, लेकिन पहलगाम से लेकर बिहार में विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण तक विपक्ष के तरकश में मौजूद मुद्दों के तीर उसकी मुश्किलें अवश्य बढ़ाएंगे। दशकों से आतंकवाद ग्रस्त कश्मीर के पहलगाम सरीखे प्रमुख पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था न होने पर उठे सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बेशक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने समेत कई बड़े कदम पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त करते हुए उसकी सेना को भी कड़ा सबक सिखाया, लेकिन अपनी सेना की बढ़त के बावजूद अचानक संघर्ष विराम से उठे सवाल भी अनुत्तरित हैं। विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान से जुड़े मामलों में भारत ने न तो कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही कभी करेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी की मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी लौट जाने के चलते नहीं हो पाई। बाद में फोन पर हुई बातचीत में ट्रंप ने मोदी को वापसी में अमेरिका आने का न्योता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने पूर्व निधारित कार्यक्रमों के चलते असमर्थता जता दी। उसी फोन वार्ता में मोदी ने पाक से जुड़े मामलों पर भारत की परंपरागत नीति दोहरायी।

तर्क दिया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के बाद संघर्ष विराम के श्रेय संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, लेकिन चुनाव केंद्रित राजनीति में ऐसा होता नहीं है। इसलिए विपक्ष मानसून सत्र में पहलगाम में सुरक्षा संबंधी चूक से लेकर अचानक संघर्ष विराम तक हर मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को क्षति की अटकलों का हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खंडन कर चुके हैं, लेकिन 'पांच युद्धक विमान गिरे' जैसे ट्रंप के अस्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के रुख से लगता है कि यह सवाल सरकार से संसद के अंदर भी पूछा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस तरह चीन, तुर्की और अजरबैजान, पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए तथा रूस और इजरायल के अलावा किसी बड़े देश ने भारत के प्रति समर्थन नहीं जताया, उसे ले कर विदेश नीति पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए। अपने देश में विदेश नीति पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, लेकिन अब वह इतिहास की बात बनती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू संघर्ष में पाकिस्तान द्वारा बड़े पैमाने पर चीनी हथियारों के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। उसी चीन से रिश्ते सुधारने विदेश मंत्री जयशंकर यात्रा पर गए। उस पर उठ रहे सवाल भी संसद में गूंजेंगे। पाकिस्तान के साथ अब चीन भी भारतीय विदेश नीति के लिए जटिल पहेली बनता जा रहा है। अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी रस्साकशी के मद्देनजर चीन से रिश्ते और भी संवेदनशील मसला है। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े इन मसलों पर विपक्षी हमलों से सरकार अपना बचाव कैसे करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठते सवाल अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। मतदान समाप्ति के कई दिन बाद मत प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने और उसमें चौंकाने वाली वृद्धि पर उठते सवालों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि पर सवाल भी जुड़ गए हैं, लेकिन तर्कसंगत जवाब नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले भारतीय चुनाव आयोग की साख पर देश में ही उठते सवाल दुखद हैं, लेकिन इनसे बचने की जिम्मेदारी उसी की है। इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से चुनाव आयोग ने विपक्ष को अपने विरुद्ध एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध मतदाता चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर ही सवाल हैं, लेकिन कम समय में पुनरीक्षण की जटिल प्रक्रिया से अगर वैध मतदाता भी मताधिकार से वंचित हो गए तो वह चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर बड़ा सवालिया निशान होगा। बेशक इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन उससे पहले ही संसद में सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देना पड़ सकता है। अगर आ पाया तो उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग भी मानसून सत्र में बड़ा मुद्दा बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उम्मीद
अरविंद जयतिलक



# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि

केंद्र सरकार की पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छह साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉन्ग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिये कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके माध्यम से किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपये प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपये हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपये था जो आज बढ़कर 2389 हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिये 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसका असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर चिंताएं दूर कर दी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक मदद 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जा रही है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## श्रावण मास



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए कांवड़िए कतारों में प्रतीक्षा करते हुए।

## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा।

*-रवि शर्मा, भाटापारा*

## ट्रेंड

### रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि



प्रधानमंत्री मोदी के सुधारों से संचालित भारत का रोज़गार इंजन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है! ईपीएफओ ने मई 2025 में अब तक का सबसे ज़्यादा सदस्य जोड़ दर्ज किया है। मोदी के गतिशील नेतृत्व में औपचारिक रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व वृद्धि देख रहा है।

**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### नोटिस दिया है



मैंने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उसे अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न पकड़े गए और न मारे गए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### लोकतंत्र के द्वार बंद किए थे



स्वतंत्र, निडर और गरिमापूर्ण मतदान का अधिकार, जिसे आज हम सहजता से लेते हैं, एक समय बंगाल के लोगों को एक दमनकारी शासन के तहत नकार दिया गया था, जिसने असहमति को दबा दिया था और लोकतंत्र के द्वार बंद कर दिए थे।

**-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल**

### शब्द वापस नहीं लिए जा सकते



अगर आप फिसलकर गिर भी जाएं, तो आप हमेशा खुद को संभाल सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी से कुछ ग़लत कह देते हैं, तो आप माफ़ी मांग सकते हैं, लेकिन एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना सही कदम



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। मिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप सच बोलते हैं। 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।'' समिति ने कहा, ''जब आप निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, तो आपको माफी नहीं मिलती, सजा मिलती है। यह बात साफ और स्पष्ट है कि यह (पहलगाम हमला) एक आतंकी हमला था।'' उसने 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने एक पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।''

## ऑफ बीट

# क्या पानी को एक से अधिक बार उबालना ठीक है



केतली लगभग हर घर में एक आवश्यक वस्तु है - इसके बिना हम गर्म पेय कैसे बनाएंगे? लेकिन क्या केतली में पिछली बार के बचे पानी को दोबारा उबालना ठीक है? हालांकि पानी को उबालने से वह कीटाणुरहित हो जाता है, लेकिन आपने सुना होगा कि पानी को एक से ज्यादा बार उबालने से वह हानिकारक हो जाता है और इसलिए आपको हर बार केतली खाली कर देनी चाहिए। ऐसे दावों के साथ अक्सर यह तर्क भी दिया जाता है कि दोबारा उबाले गए पानी में कथित रूप से खतरनाक पदार्थ जमा हो जाते हैं, जिनमें आर्सेनिक जैसी धातुएं या नाइट्रेट और फ्लोराइड जैसे लवण शामिल हैं। यह सच नहीं है। यह समझने के लिए आइए देखें कि हमारे नल के पानी में क्या है और उसे उबालने पर असल में क्या होता है। हमारे यहां नल से आने वाले पानी में क्या है? अगर आप इस पानी से चाय बनाते हैं, तो उसे दोबारा उबालने से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। जानिए क्यों। रसायनों के इतने कम स्तर को सांद्रित करना कठिन है। पानी में पदार्थों को सांद्रित करने के लिए, आपको कुछ तरल को वाष्पित करना होगा जबकि रसायन वहीं रह जाएंगे। पानी किसी भी तापमान पर वाष्पित हो जाता है, लेकिन ज़्यादातर वाष्पीकरण क्वथनांक पर होता है - जब पानी भाप में बदल जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
मंगलवार, 22 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 121
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 25.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सरकार ने बनाया नया नियम, भरेगा खजाना

राज्य सरकार ने यह बदलाव लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान नियम विधेयक 2025 बनाकर विधानसभा से पारित करवाया है। यही नहीं राज्य सरकार ने कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़े वाहनों के लिए भी नियम बदला है। पहले तो सरकार ने कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट श्रेणी के वाहनों की परिभाषा तय कर उनका वर्गीकरण किया है। इसके साथ ही इस तरह के सभी वाहनों से लिए जाने वाले मासिक या त्रैमासिक टैक्स की जगह लाइफटाइम टैक्स लेने की तैयारी भी कर ली है। खास बात ये है कि ये दोनों बदलाव परिवहन विभाग के माध्यम से राज्य सरकार का खजाना भरने वाले हैं।

खास खबर

# अब पुरानी गाड़ी बेचना भी महंगा सौदा, हर बार नाम ट्रांसफर पर लगेगी फीस, देना होगा आधा से एक फीसदी शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब पुरानी गाड़ियां बेचना भी गाड़ी मालिकों के लिए महंगा सौदा बनने जा रहा है। दरअसल, सरकार ने अब ये नियम बना लिया है कि किसी भी गाड़ी की बिक्री पर होने वाले नाम ट्रांसफर पर गैर परिवहन यान के लिए पंजीयन के समय वाहन के मूल्य की एक प्रतिशत राशि देनी होगी। परिवहन यान (माल वाहकों) के लिए यही शुल्क आधा प्रतिशत लगेगा।





- पंजीयन के समय गाड़ी की कीमत की एक प्रतिशत राशि लगेगी
- एक गाड़ी जितनी बार बिकेगी, सरकार को पैसा देकर जाएगी

### कंस्ट्रक्शन संबंधी वाहन का टैक्स लगेगा लाइफटाइम

इसी संशोधन के तहत कंस्ट्रक्शन इक्युपमेंट श्रेणी के वाहनों की टैक्स व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत इन वाहनों से मासिक या त्रैमासिक टैक्स लिया जाता था, इसकी जगह अब गाड़ी के पंजीयन के समय ही लाइफटाइम टैक्स देना पड़ेगा। यही नहीं अगर इस प्रकार के वाहनों के मालिकाना हक बदला गया या बेचा गया तो एक बार फिर मानक पंजीयन मूल्य का आधा प्रतिशत के बराबर शुल्क मालिक को अदा करना पड़ेगा। इस तरह के वाहनों या इक्युमेंट के लिए सरकार ने नई परिभाषा भी तय की है। इसमें लोडर, डंपर, मोबाइल क्रेन, बेकहो लोडर, का काम करने वाले वाहन और इसी तरह के कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़े उपकरणों, मशीनों पर भी यह नियम लागू होगा।

### गाड़ी जितनी बार बिकेगी सरकार को मिलेगा पैसा

राज्य सरकार द्वारा वाहनों के अंतरण (ट्रांसफर) के लिए जो शुल्क लगाया जा रहा है उसके विश्लेषण से ये बात सामने आ रही है एक गाड़ी का पहली बार पंजीयन होने के समय वाहन के मानक मूल्य के हिसाब से राशि मिलेगी। इसके बाद यही गाड़ी आगे जितनी बार बिकेगी, हर बार पंजीयन के समय वाहन के मानक मूल्य की एक प्रतिशत राशि मालिक को देनी पड़ेगी। जैसे अगर कोई कार दस लाख रुपए की है और वह अगली बार जैसे ही बिकेगी या ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### असीम कुमार ने ली हरियाणा के राज्यपाल की शपथ

**चंडीगढ़।** प्रतिष्ठित विद्वान असीम कुमार घोष ने सोमवार को हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने बंडारू दत्तात्रेय का स्थान लिया है। घोष (81) को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई।



### 'रामप्रस्थ ग्रुप' के दो निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 'रामप्रस्थ ग्रुप' के प्रवर्तकों संदीप यादव और अरविंद वालिया को 1,100 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत सोमवार को गिरफ्तार किया।संघीय जांच एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने निदेशकों के परिसरों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ अन्य परिसरों पर सुबह छापेमारी की, जिसके बाद ये गिरफ्तारियां हुईं। दोनों रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) के निदेशक और अधिकतर शेयरों के धारक हैं।

### मनिंद्र मोहन बने मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

**चेन्नई।** न्यायमूर्ति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। यहां राजभवन में आयोजित एक सादा समारोह में राज्यपाल आर एन रवि ने न्यायमूर्ति श्रीवास्तव को पद की शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री, शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने न्यायमूर्ति श्रीवास्तव को गुलदस्ता भेंट की।



### तीन उग्रवादियों सहित छह गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और काकचिंग जिलों से सुरक्षा बलों ने दो प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गोला-बारूद की अवैध बिक्री में शामिल होने के आरोप में तीन अन्य लोगों को भी इंफाल पश्चिम जिले से गिरफ्तार किया गया है। प्रतिबंधित संगठन प्रेपक के स्वयंभू सार्जेंट मेजर को शनिवार को इंफाल पूर्व जिले के कोंथा अहलुप स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसने म्यांमा के तानल में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी. एस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एम. वी. गोविंदन ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 19 साल बाद मुंबई हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 7 धमाके, 189 मौत, 800 घायल और दोषी कोई नहीं, 12 आरोपी बरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*2006 मुंबई ट्रेन धमाकों में उम्रकैद और फांसी की सजा पाए सभी 12 आरोपी बॉम्बे हाईकोर्ट से बरी हो गए। कोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 189 लोगों की जान चली गई थी और करीब 800 लोग घायल हुए थे।*

मुंबई हाईकोर्ट का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। उच्च न्यायालय ने 12 व्यक्तियों की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि गवाहों के बयान और आरोपियों के पास से कथित तौर पर की गई बरामदगी का कोई साक्ष्य मूल्य नहीं है। इनमें से पांच आरोपियों को विशेष अदालत ने सजा-ए-मौत और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पश्चिमी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर मुंबई की लोकल ट्रेन में 11 जुलाई, 2006 को सात विस्फोट हुए थे, जिनमें 189 लोग मारे गए थे और कई अन्य लोग घायल हुए थे। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है, इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है।'' पीठ ने 2015 में विशेष अदालत द्वारा पांच लोगों को मृत्युदंड और शेष सात आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि करने से इनकार कर दिया और उन्हें बरी कर दिया।

- कोर्ट ने कहा- विश्वास करना कठिन है कि उन्होंने यह अपराध किया





### गवाहों के बयान विश्वसनीय नहीं

कोर्ट ने कहा, गवाहों के बयान विश्वसनीय या भरोसेमंद नहीं हैं और अभियुक्तों को दोषी ठहराने के लिए निर्णायक नहीं हैं। बचाव पक्ष इन सबूतों को गलत साबित करने में सफल रहा है। गवाहों ने घटना के चार महीने बाद शिनाख्त परेड के दौरान और फिर चार साल बाद अभियुक्तों की पहचान की।

### अब आगे क्या

### महाराष्ट्र सरकार करेगी फैसले का अध्ययन

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार मुंबई में 11 जुलाई, 2006 को ट्रेन में किए गए बम धमाकों के सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बाम्बे हाईकोर्ट के फैसले के गुण-दोष का आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद ही राज्य सरकार यह तय करेगी कि इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाए या नहीं। इन धमाकों में 189 से अधिक लोग मारे गए थे। 11 जुलाई, 2006 को पश्चिमी लाइन पर लोकल ट्रेन में सिलसिलेवार तरीके से सात विस्फोट किए गए थे।

### 5 को फांसी, 7 को मिली थी उम्रकैद

अदालत ने 12 लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से पांच को मृत्युदंड और शेष सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अपील की सुनवाई लंबित रहने के दौरान एक दोषी की मृत्यु हो गई थी। राज्य भर की विभिन्न जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए गए आरोपियों ने हाईकोर्ट के फैसला सुनाने के बाद अपने वकीलों को धन्यवाद दिया।

### इन्हें मिली थी सजा ए मौत

विशेष अदालत ने जिन दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी, उनमें कमाल अंसारी (अब मृत), मोहम्मद फैसल अताउर रहमान शेख, एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, नवीद हुसैन खान और आसिफ खान शामिल थे। विशेष अदालत ने उन्हें बम रखने और कई अन्य आरोपों में दोषी पाया था।

### इन्हें उम्रकैद की सजा दी गई थी

*इसने तनवीर अहमद मोहम्मद इब्राहिम अंसारी, मोहम्मद मजीद मोहम्मद शफी, शेख मोहम्मद अली आलम शेख, मोहम्मद साजिद मरगूब अंसारी, मुजम्मिल अताउर रहमान शेख, सुहैल महमूद शेख और जमीर अहमद लतीउर रहमान शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एक आरोपी, वाहिद शेख को 2015 में निचली अदालत ने बरी कर दिया था।*

## बाढ़-बारिश और भूस्खलन

# वैष्णो देवी मार्ग पर तीर्थयात्री और कश्मीर में छात्र की मौत

- हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपती की मौत हो गई।
- मुंबई में सोमवार को भारी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया।



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर सोमवार को हुए भीषण भूस्खलन में 70 वर्षीय एक तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कटरा शहर में हुई तेज बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से एक बुकिंग कार्यालय और उसके ऊपर बना लोहे का ढांचा ढह गया। भूस्खलन के बाद एहतियात के तौर पर यात्रा कई घंटों तक स्थगित रही। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीर्थयात्री की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। यह घटना सुबह लगभग साढ़े आठ बजे बाणगंगा के पास 'गुलशन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### स्कूल की छत पर गिरा पत्थर, छात्र की मौत

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रातभर हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में एक सरकारी स्कूल आ गया। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने छात्र की मौत पर शोक प्रकट किया। अधिकारियों ने बताया कि बैंछ-कलसां इलाके में स्थित प्राथमिक विद्यालय की टिन की छत पर पत्थर आ गिरा।

### नए रास्ते पर भी भूस्खलन

रविवार रात को हिमकोटि के पास नए रास्ते पर भी भूस्खलन हुआ था, जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया था जिसे बहाल करने के प्रयास जारी हैं। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर कहा, कटरा के सामान्य क्षेत्र में भूस्खलन के बाद, व्हाइट नाइट कोर के सैनिकों को प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए तुरंत तैनात किया गया।

## बांग्लादेश में बड़ा हादसा

# स्कूल पर गिरा वायुसेना का प्रशिक्षण विमान, 16 की मौत



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर यहां एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। जान गंवाने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। यह विमान दोपहर के समय ढाका के उत्तर क्षेत्र में 'माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज' परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान ने दोपहर में उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### उड़ान के कुछ देर बाद ही हुआ हादसा

वायुसेना के अनुसार, यह चीन निर्मित प्रशिक्षण विमान दोपहर 1:06 बजे उड़ान पर रवाना हुआ था और लगभग 1:30 बजे स्कूल भवन से टकरा गया। हादसे के बाद स्कूल की इमारत में भीषण आग लग गई। बांग्लादेश की प्रमुख मीडिया संस्था प्रथोम आलो के अनुसार, आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और सेना की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आठ दमकल गाड़ियां बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

### शिक्षकों ने दिखाई बहादुरी, बच्चों को निकाला बाहर

माइलस्टोन कॉलेज के एक शिक्षक ने मीडिया को बताया कि जब विमान स्कूल भवन से टकराया, तो कई छात्र अंदर फंसे रह गए। शिक्षकों और स्टाफ ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया, बाद में सेना और दमकल विभाग ने मोर्चा संभाला। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि कई घायल लोगों को बाहर निकाला गया। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें उत्तरा आधुनिक अस्पताल, ढाका मेडिकल कॉलेज, कुर्मिटोला जनरल अस्पताल, शहीद मंसूर अली मेडिकल कॉलेज और अन्य मेडिकल सेंटरों में भर्ती कराया गया है।

# शिक्षिका और सात वर्षीय बेटी जिंदा जली, संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

नंदिनी टाउनशिप में सोमवार की सुबह शिक्षिका मां और उसकी बेटी की एक साथ जिंदा जलने से मौत हो गई। खबर लगने पर मौके पर पहुंची नंदिनी पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज कचांदुर भेजा। नंदिनी पुलिस ने बताया कि बीएसपी के स्ट्रीट नंबर 36 में क्वार्टर निवासी शिक्षिका जागेश्वरी साहू 35 वर्ष अपनी बेटी दिव्यांशी 7 वर्ष और पिता सीताराम साहू के साथ मकान में रहते थे। घटना की सुबह ▶▶|शेष पेज 4 पर

- नंदिनी थाना अंतर्गत टाउनशिप का मामला, जांच में जुटी पुलिस



**पिता के शोर मचाने के बाद पहुंचे लोग :** पुलिस ने बताया कि मकान से धुआं उठता देख पिता सीताराम पहले देखा। आसपास की मदद से दरवाजे को तोड़कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जांच किया जा रहा है

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मां बेटी का शव जली हालत में पुलिस ने बरामद किया। शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया है। घटना का कारण, आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

\- पारस ठाकुर
प्रभारी थाना नंदिनी

# 25 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया तहसील कार्यालय का बाबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर



- नामांतरण के नाम पर मांगे थे 30 हजार रुपए

सोमवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय के एक बाबू को 25 हजार रूपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी ने व्यक्ति से नामांतरण के नाम पर 30 हजार रूपए की मांग की थी। शिकायत की जांच के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप कार्रवाई की और बाबू को पैसों के साथ धर दबोचा। इस कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है। फिलहाल एसीबी की टीम आरोपी बाबू से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के ग्राम केशवनगर निवासी धनेश्वर राम पैकरा ने एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर में शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान धनेश्वर राम पैकरा ने एसीबी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शिकायत पर कार्रवाई

इस मामले में एसीबी के डीएसपी प्रमोद खेस ने बताया कि इस मामले में शिकायत की जांच उपरान्त कार्रवाई की गई है। बाबू जोगेश्वर राजवाड़े के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत मिली थी लेकिन उस दौरान पुष्टि नहीं हो पाई थी। अब आरोपी से पूछताछ के साथ ही उसे सम्पति की जांच की जाएगी। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने संसद में प्रस्ताव का नोटिस

# कैश कांड में घिरे जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के लिए सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव से संबंधित नोटिस दिए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, न्यायपालिका ▶▶|शेष पेज 4 पर

- दोनों सदनों के 208 सांसदों के हस्ताक्षर

### न्यायमूर्ति वर्मा का इंकार

*न्यायमूर्ति वर्मा ने हालांकि किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इंकार किया है, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस भंडारकक्ष पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि उनका कदाचार इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।*



### आंतरिक जांच में दोषी

न्यायमूर्ति वर्मा को बाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

### कोई जज कैसे हटाया जा सकता है?

अब अगर किसी भी जज को उसके पद से हटाना है, तो लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है, वहीं राज्यसभा में भी आंकड़ा 50 तो होना ही चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को ही जानकारी दी थी कि 100 सांसदों ने एक नोटिस पर साइन किया है, वो नोटिस जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने को लेकर ही है। सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट कर चुकी है कि वो किसी भी तरह की राजनीति में नहीं पड़ना चाहती है।

### शराब पीने के आरोप में 26 महिलाएं गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद के बाहरी इलाके में एक निजी रिजॉर्ट में जन्मदिन की पार्टी के दौरान शराब पीने के आरोप में 26 महिलाओं सहित 39 लोगों को गिरफ्तार किया। उन पर गुजरात मद्य निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया। अहमदाबाद पुलिस की एक टीम ने देर रात साणंद-बावला रोड पर स्थित रिजॉर्ट पर छापा मारा, जहां एक आरोपी ने अपने जन्मदिन पर मेहमानों को आमंत्रित किया था। पुलिस ने 26 महिलाओं सहित 39 लोगों को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया और उन पर गुजरात मद्य निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।



MARUTI SUZUKI
NEXA
INDULGE IN COMFORT.
Drive home the premium 6-seater to celebrate in absolute comfort & style.
XL6
XL6
TIME TO INDULGE
VENTILATED SEATS
360 VIEW CAMERA
6-SPEED AUTOMATIC TRANSMISSION WITH PADDLE SHIFTERS
TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM
SUZUKI CONNECT
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 60 000**
SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. **Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 31st July 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक हजार करोड़...

अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया था।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर...

का समायोजन विधेयक, 2024' का जिक्र करते हुए कहा कि आज गोवा की जनजातियों के अधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले आज सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी सदन को दी। सभा ने उनके साथ ही पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद विमान हादसे में तथा देश के कई हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान गंवाने वाले लोगों को कुछ पल मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन का उल्लेख किया और कहा कि इस सत्र में अंतरिक्ष के विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके बाद, बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमला और बिहार में एसआईआर जैसे मुद्दों को उठाने की कोशिश की। उन्होंने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह प्रश्नकाल के बाद सभी विषयों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। हंगामे के बीच ही कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन चलने देने की अपील कई बार की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि उन्हें नारेबाजी करनी है तो वे सदन से बाहर चले जाएं क्योंकि सदन के भीतर ऐसा करना उचित नहीं है। नारेबाजी नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 20 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोपहर 12 बजे पुनः शुरू होने पर पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के समीप आ गए। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कहा कि आज कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक होगी जिसमें सभी की सहमति से तय होगा कि किन विषयों पर चर्चा होगी और सरकार ऐसे सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम शुरू से अपील कर रहे हैं कि मानसून सत्र में सार्थक चर्चा हो। संसद सत्र के पहले दिन इस तरह हंगामा करना, नारेबाजी करके समय का दुरुपयोग करना ठीक नहीं है।

### मुखबिरी के आरोप...

संख्या में पहुंचे अज्ञात माओवादियों ने धारदार हथियारों से दोनों की हत्या की और चलते बने। मौके पर मिले पर्चे में जगरगुण्डा एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें पुलिस का मुखबिर बताया है। घटना की जानकारी लगते ही तर्रेम पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। बौखलाहट में नक्सलियों की जगरगुण्डा एरिया कमेटी के स्मॉल एक्शन टीम द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। बेटे की तलाश में आए, पिता को उतार दिया मौत के घाट- जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की जगरगुण्डा एरिया कमेटी की ओर से मौके पर पर्चा छोड़ा गया है जिसमें लिखा है कि कुरसम मंगलू पुलिस मुखबिरी में शामिल है। जिसे कई बार पूर्व में समझाइश दी गई, लेकिन नहीं मानने पर अब मौत की सजा दी गई। बताया जा रहा है कि कुरसाम मंगलू का बेटा नंदू पहले ही सरेंडर कर चुका है।

### कांग्रेस की आर्थिक...

चौक तेलीबांधा तथा बिलासपुर, रायपुर हाईवे पर सांकरा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा, खरोरा में नाकेबंदी की जायेगी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी शहरों में चक्का जाम नाकेबंदी होगी। नाकेबंदी से एम्बुलेंस तथा स्कूल वाहनों को अलग रखा गया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की संपदा को लूटा जा रहा है। इसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी करवा रहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा, आर्थिक नाकाबंदी कर भाजपा सरकार के संरक्षण में अडानी द्वारा जो यहां की खनिज संपदा को लूटा जा रहा है, उसका विरोध होगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह भी जंगल कटाई के विरोध में आयोजित इस आर्थिक नाकेबंदी में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। तानाशाही भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें, अडानी की दादागिरी के खिलाफ खड़े हों और प्रदेश को अडानी से मुक्त कराने कांग्रेस की लड़ाई में सहभागी बनें।

### रायपुर जिले में...

वर्मा व अनीता योगेंद्र शर्मा, अभनपुर मोहन ढाबा के पास जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू , आरंग रसनी के पास पूर्व विधायक शिवकुमार डहरीया, तिल्दा के दीनदयाल उपाध्याय चौक में कांग्रेस प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेदी, बुडेरा आजाद चौक के पास खरोरा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में मालवाहक वाहनों को रोककर चक्का जाम किया जाएगा।

### पांच ट्रक एसोसिएशन...

सामग्री भी बरसात के समय में खराब होने भिगने का डर बना रहता है। जीएसटी, ई-वे बिल की तारीख समय में समाप्त होने से आवश्यक परेशानी खड़ी होती है, इसलिए हम किसी भी बंद आर्थिक नाकेबंदी चक्का जाम में शामिल नहीं रहेंगे। यूनियन कार्यालय में माल बुकिंग व पुकार भी जारी रहेगी। इन संगठनों में रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ, छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, भिलाई ट्रक एवं टेलर एसोसिएशन, सीजी बुलकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ, कंफडेरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स शामिल हैं।

### डिजिटल अरेस्ट की...

अपराध दर्ज करने की बात कही। उन्होंने व्हाट्सएप में वारंट की फोटो भी भेजी। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम नरेश गोयल बताते हुए उसकी फोटो भी भेजते हुए कहा कि वह कैनरा बैंक मुंबई के मनी लॉड्रिंग केस में शामिल है। ठगों ने तुषारकर देवांगन के अकाउंट की जांच करते हुए उसे डिजिटल अरेस्ट करते हुए जेल भेजने की धमकी दी।

### उपराष्ट्रपति धनखड़...

लिखे अपने पत्र में कहा, स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ (74) ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला था।

### गाड़ी जितनी बार...

नाम ट्रांसफर होगा तो उसके पंजीयन के मानक मूल्य की एक प्रतिशत राशि यानी 10 हजार रुपए फीस परिवहन विभाग को देनी पड़ेगी। यही गाड़ी जितनी बार बिकती जाएगी, सरकार के खजाने में एक प्रतिशत की दर से राशि आती जाएगी। इसी तरह परिवहन यान के लिए यह राशि आधा प्रतिशत यानी 0.5 प्रतिशत लगेगी।

### वैष्णो देवी मार्ग...

का लंगर' में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है। भूस्खलन के कारण तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और सात अन्य को मामूली चोटें आईं। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने संवाददाताओं को बताया कि सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। वैश्य ने कहा कि बचाव और मलबा हटाने का कार्य जारी है। गंभीर रूप से घायल चेन्नई निवासी उप्पन श्रीवास्तव (70), उनकी पत्नी के राधा (66) और हरियाणा निवासी राजिंदर भल्ला (70) को नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से श्रीवास्तव की मौत हो गई।

### शिक्षिका और सात...

सीताराम टहलने के लिए घर से निकले। घर सुबह 6.45 बजे लौटने पर देखा कि मकान से धुआं निकल रहा है। आसपास के लोग और पड़ोसियों को आवाज देकर बुलाया। उसके बाद भीतर से बंद दरवाजा को तोड़ने पर जागेश्वरी, दिव्यांशी का शव बिस्तर समेत जला शव मिला। मृतका जागेश्वरी पति से पांच सालों से अलग अपने पिता के साथ रहती थी। मृतका का तलाक का केस न्यायालय में चल रहा है। आग कमरे में कैसे लगी या फिर महिला ने सुसाइड किया है, इसे लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। नंदिनी पुलिस भी इसे लेकर जांच में जुटी हुई है। मृतका के पिता सीताराम बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी है। हादसे के समय पिता घर पर नहीं थे। मृतका छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल नंदिनी में शिक्षिका पद पर थी।

### पिता के शोर मचाने...

मकान के भीतर प्रवेश किया गया। जहां मां बेटी की लाश जली हालत में मृत अवस्था में पड़ी मिली। दरवाजे को भीतर से बंद किया गया था। घटना को लेकर संदेह किया जा रहा है कि महिला ने आत्महत्या किया होगा। लेकिन जांच के बाद ही सारी कहानी स्पष्ट हो पाएगी।

### 25 हजार की रिश्वत...

को बताया कि उसने केशवनगर पटवारी हल्का नंबर 25 में वर्ष 2003 में पत्नी सुनीता पैकरा के नाम पर जमीन खरीदी थी। वर्ष वर्ष 2004 में उसने मकान का निर्माण भी कराया था। बाद में ग्रामीण की पत्नी पारिवारिक विवाद के कारण अलग हो गई और दूसरी शादी कर ली। इस दौरान उक्त जमीन की रजिस्ट्री उसने अपने बेटे और बेटी के नाम पर कर दिया था। उसका नामांतरण प्रार्थी अपने नाम से कराना चाह रहा था।

### कैश कांड में घिरे...

की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा। इस साल मार्च में न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने की घटना हुई थी और घर के बाहरी हिस्से में एक स्टोररूम से जली हुई नकदी से भरी बोरियां बरामद हुई थीं।

**महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय**
कैम्प कार्यालय, कृषक सभागार, इ.गां.कृ.वि. परिसर, लाभाण्डी, रायपुर
Email-mguvvdurg@gmail.com, Website: mguvv.ac.in

क्र./कुलसचिव/शैक्ष.–16–2–2/2025–26/1145 दिनॉक: 18/07/2025

**प्रवेश सूचना/विज्ञापन**

**बी.एस-सी. ( उद्यानिकी / वानिकी) आनर्स पाठ्यक्रमों के शेष बचे हुए रिक्त सीटों पर पी. ए. टी. एवं 12वीं के आधार पर राज्य एवं राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु आनलाईन काउंसलिंग सूचना एवं कार्यक्रम विवरण**

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग, कैम्प कार्यालय, कृषक सभागार, लभांडी, रायपुर के अंतर्गत संचालित बी.एस–सी. उद्यानिकी/वानिकी (आनर्स) पाठ्यक्रमों के शेष बचे हुए रिक्त सीटों पर पी.ए.टी. एवं 12वीं के आधार पर राज्य एवं राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को शैक्षणिक सत्र 2025 – 26 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन दिनांक 19/07/2025 से आमंत्रित है। इन पाठ्यक्रमों में पी.ए.टी. एवं 12वीं के आधार पर प्रवेश दिया जावेगा।

पंजीयन हेतु दिशा–निर्देश एवं अन्य समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mguvv.ac.in पर उपलब्ध होगी। प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 19/07/2025 से 28/07/2025 तक भरे जा सकते है। इस अवधि में पंजीयन कराने वाले अभ्यार्थियों को निर्धारित दिशा–निर्देशों के तहत उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जायेगा।

**नोट- शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mguvv.ac.in का नियमित अवलोकन करें।**

संवाद-44619 कुलसचिव

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in 1st call

**NIT NO: 690/PWD/Zone-9/2025** **RAIPUR DATED: 21.07.2025**

Online bids are invited for the following works of works up to Date **11.08.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor/ firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 172426 | अधोसंरचना मद के तहत् जोन क्रमांक-9 अंतर्गत पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-51 अंतर्गत विधायक कालोनी से अविनाश वन होते हुए एन.एच.-53 तक नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 19400000/- | 145500/- | Class-C & above | वर्षा ऋतु सहित 12 माह | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **21.07.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 3,000/- मात्र देय डिमांड़ - ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-9**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

Email- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-आफिस कार्य (हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य) पेमेंट कलेक्शन एवं मार्केटिंग हेतु युवक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-गगन फ्लैक्स, 27खोली चौक बिलासपुर 9039968650, 9425535104 **(38285)**

**आवश्यकता है**-होटल में काम करने हेतु एक सुपरवाइजर एक मिस्त्री सादा खाना बनाने, तीन लड़के रुम सर्विस हेतु अनुभवी एक बाई बर्तन झाड़ू पोछा हेतु चाहिए पता- होटल राज, दयालबन्द, बिलासपुर **(38286)**

**आवश्यकता है**-रिसेप्शनिस्ट कैशियर, कैप्टन, जेंट्स वेटर एवं हाउस कीपिंग, डिश वाशिंग, गार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल सेन्ट्रल पाइंट बिलासपुर 9993424004 **(38290)**

**आवश्यकता है**-फुल टाइम एकाउंटेंट की। जिसे Tally Prime में काम करना आता हो einvoice, eway bill बनाना आता हो सम्पर्क करें- अविनाश मोदी पी-2, संजय अपार्टमेन्ट व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9179991222 **(38288)**

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़के और लड़कियां कार्य पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, होटल अजीत के पीछे मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(38289)**

**आवश्यकता है**-पैकेट पैकिंग एवं काउंटिंग के लिए एक युवती की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास, अधिकतम आयु 22वर्ष तक, वेतन 6000 से 10000 तक योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7587259141 **(38258)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESI, मेडिकल, आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 **(38141)**

**आवश्यकता है**-Ambition Marketing में सेल्स एक्जीक्यूटिव- 3, लीडर- 2, ट्रेनर- 2 लड़के, लड़कियों की। वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं. FS-16, प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 7806007192 **(3175)**

**आवश्यकता है**-जैसवाल नेको इस्पात पावर प्लांट सिलतरा रायपुर हेतु 5वीं पास शिक्षित अशिक्षित गैंगमैन लड़के, वेतन 18000 रहना फ्री ST, SC, OBC को वरीयता, लोकल बिलासपुर गार्ड वेतन 10000 से 14000 पता- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस हेमू नगर 9754713125, 9827618359, 6263900911, 9755667206 **(38287)**

**आवश्यकता है**-श्रीराम मन्दिर तिलक नगर में (1) टैली में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर (महिला/ पुरुष) (2) कार्यालय सहायक (3) मन्दिर परिसर में नियमित सफाई हेतु सफाईकर्मी चाहिए। कार्य समय सुबह 8 से 12, शाम 5 से 8.30 सम्पर्क करें- दिनांक 22/07/2025 समय शाम 4 से 7बजे तक मन्दिर कार्यालय में **(38267)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर, ऑफिस कार्य, इलेक्ट्रीशियन, गार्ड, कटर, फिटर, सुपरवाइजर, वेल्डर, चपरासी, स्टोर कीपर, पावर प्लांट हेतु। न्यूनतम योग्यता 5वीं वेतन 10000 से 30000 मेडिकल, रहना फ्री सम्पर्क सीपत बिलासपुर 7772950319 **(38273)**

**आवश्यकता है**-अमेया वेन्चर्स में निर्माण कार्य कराने हेतु 5वर्ष अनुभवी साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है अनुभवी की योग्यता अनुसार प्राथमिकता बायोडाटा सहित सम्पर्क करे- नेशनल मेडिकोज बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716 **(38278)**

**आवश्यकता है**-डाटा एंट्री एवं एकाउंटिंग कार्य हेतु लड़की/ लड़के एवं मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सूरज इंटरप्राइजेस C-21,22, नेताजी काम्पलेक्स, जरहाभाठा बिलासपुर 9301586381, 9827181236 **(38283)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में एक मार्केटिंग मैनेजर एवं दो फील्ड स्टाफ की आवश्यकता है जो डोर टू डोर पाम्पलेटिंग एवं वर्कर डाटा कलेक्शन कर सके इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 9109511248, 9244664654 **(38275)**

**आवश्यकता है**-पेमेन्ट रिकवरी, फील्ड वर्क, ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी,GST एकाउंट कोटेशन के अनुभवी लड़के/ लड़की, रिकवरी पेमेन्ट वसूली हेतु लड़के की। सम्पर्क करें- गोड़पारा गुरुद्वारा के बाजू बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(38277)**

**आवश्यकता है**-फैंसी ड्रेस दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन-2, टेलर-1,कम्प्यूटर ऑपरेटर-1 लड़के, लड़कियों की। अनुभवी को प्राथमिकता। पता- श्री फैंसी ड्रेसेस, DA/4 चंदेला विहार, महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9826903666 **(38264)**

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट हेतु अनुभवी, अंग्रेजी बोलने वाले कर्मचारी की आवश्यकता है कम्प्यूटर वर्क, फुल टाइम। सैलरी 10000 से शुरू सम्पर्क करें- अस्तित्व प्रकाशन कोनी बिलासपुर 7898160321, 6268361597 **(38238)**

**आवश्यकता है**-स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने हेतु लड़के की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोंड़पारा बिलासपुर **(38263)**

**आवश्यकता है**-यश सुपर बाजार में कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर लड़कियों, लड़कों की आवश्यकता है पता- रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक, भारतीय नगर चौक, व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9981063081 **(38284)**

**आवश्यकता है**-एक अग्रणी वित्तीय कंपनी में पार्टटाइम/ फुलटाईम कर्मचारियों की आवश्यकता है प्रायवेट सर्विस, छात्र, गृहणी, फिल्ड जॉब करने वाले। स्थान सीमित तत्काल सम्पर्क करें-7389486395 **(38262)**

**आवश्यकता है**-कार व टाटा एस चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर तथा वर्कशाप में कार्य हेतु हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें-चन्द्र टीवीएस, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9039167202 **(38257)**

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ से लड़कों की फाइनेंस कंपनी में अकाउंट जॉब करने के लिए जो घर पर रह कर काम कर सके कमीशन+ सैलरी 15000 से 25000 लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें- 8375989817 **(1055)**

**आवश्यकता है**-चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति विहार अमली डीह रायपुर 7469980000, 07714075490 **(6826)**

**आवश्यकता है**-चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों की जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति विहार अमली डीह रायपुर 7469980000, 07714075490 **(6825)**

**आवश्यकता है**-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019 **(074)**

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या-655 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 54500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्स एप करे- धीरेंद्र कुमार 8957118102 **(1048)**

**आवश्यकता है**-सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें मिनिमम 10वीं पास अनुभवी आदमी को वरीयता दी जाएगी जो लिखापढ़ी का काम कर सके आकर्षक वेतन तुरंत सम्पर्क करें-9981630084, 9425534940 **(187)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15000 से 20000 प्रतिमाह रहना फ्री सम्पर्क करें- 7796880121, 8889257623 **(165)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे, रहना फ्री, सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8817252877 **(191)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## सर्विसेस

**सर्विसेस**-टिफिन सर्विस उत्तम वेज और नॉन वेज खाने की होम डिलीवरी की सुविधा अधिक जानकारी के लिए कॉल करें सम्पर्क करें- 8982979406 **(38271)**

## बेचना है

**बेचना है**-बंगालीपारा सरकंडा बिलासपुर गली नम्बर 5 में स्थित निर्माणाधीन मकान बेचना है साइज 40×50=2000 वर्गफुट सम्पर्क करें- 9981368106 राजू सोनी- 9893629506 **(38292)**

**बेचना है**-प्राइम प्रॉपर्टीज अटल यूनिवर्सिटी, सैनिक आधारशिला स्कूल, सरस्वती महाविद्यालय के सामने 30डिस. 13080 वर्गफिट, नेशनल हाईवे रोड पर निरतु कोनी बिलासपुर में 28डिस. 12208 वर्गफिट एवं 57डिस. 24852 वर्गफिट का शानदार प्लाट शोरूम, हॉटल, हॉस्टल, हॉस्पिटल एवं इन्वेस्टमेंट हेतु सम्पर्क करें-9300878897, 9406441535 **(189)**

**बेचना है**-रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे में सरगांव पथरिया मोड़, चौक में व्यावसायिक दुकान 12×40 एवं 24×40 बेचना है सम्पर्क करें - 8120870627 **(38291)**

**बेचना है**-अल्का एवेन्यू कालोनी के अन्दर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में ग्राऊण्ड फ्लोर की 10'-10×19'=208 वर्गफुट की दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 7999826873, 6265074633 **(38279)**

**बेचना है**-सरकण्डा सीपत रोड से 150मी. पर प्राइम लोकेशन में 34×51 का प्लॉट एवं मोपका मारुति शोरूम से 200मी. पर 2400 वर्गफुट रेसिडेंशियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 7999067371, 7801018190 **(38260)**

**बेचना है**-अच्छी कंडीशन में दुकान/ ऑफिस हेतु 11×14= 154 वर्गफुट शहर के अन्दर कम रेट में तारबाहर चौक के पास गैस एजेंसी के बगल में बेचना है सम्पर्क करें- 9826879131, 7697128760 **(38274)**

**बेचना है**-खमतराई अशोक नगर प्रत्यक्षा विहार में डबल रोड से लगा डायवर्टेड 2200 वर्गफीट फ्रन्ट का प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9589848485, 9300482612 **(38272)**

**बेचना है**-कृषि/आवासीय जमीन रायपुर रोड ग्राम पेण्ड्रीडीह तहसील बोदरी में 1.80 एकड़ बेचना हैं सम्पर्क करें- 7023445244 **(38266)**

## किराया

**किराया**-ग्रीन गार्डन नीलगिरी अपार्टमेंट मुंगेली रोड में 3 बेडरूम, सर्वेंट क्वार्टर, नव पुनर्निर्मित सर्वसुविधायुक्त फ्लैट किराये पर देना है बैंक अधिकारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7023445244 **(38265)**

**किराया**-विनोबा नगर गायत्री मंदिर के पास 2 BHK प्रथम तल फूल फर्निश्ड सर्व सुविधा युक्त बंगला किराए से देना है सम्पर्क करें-9827158359 **(188)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## शैक्षणिक

**शैक्षणिक**- I.C.E. Computer Education MS Office, Tally Prime With GST, Page Maker, Corel Draw, PhotoShop, Programming, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, शासकीय सेवा में मान्य DCA, PGDCA, BCA, BSc, MSc, BA, BCom BLib, MLib. SC, ST, OBC विद्यार्थियों को शासकीय नियमानुसार छात्रवृत्ति Contact- Rajendra Nagar Chowk, Bilaspur 9516036581, 7440470581 **(38270)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

### CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

**EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme**

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** (10X1 FIX SIZE)

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# महिला क्रिकेट : सीरीज 1-1 की बराबरी पर, निर्णायक मुकाबले में भारत की इंग्लैंड से कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

### श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।



**तीसरा और अंतिम वनडे आज, मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से होगा शुरू**

### असफल रहे भारतीय गेंदबाज

भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम. अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

### दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैंब, लिंसी स्मिथ।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप हॉकी के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'

### द ओपन गोल्फः शीर्ष 35 में रहे भाटिया और राय


**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी)।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस



ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी।

## चौथा टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में कल से होगा शुरू

# चोट ने बिगाड़ा भारतीय टीम का हाल, रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, नहीं खेल पाएंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।' अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

### ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर और लॉयड के नाम के होंगे स्टैंड

भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है। इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों नेबताया कि स्टेडियम के



नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। सूत्र ने कहा, 'यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है।' वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है।

## चाइना ओपन

# विश्व चैंपियनशिप की तैयारी, कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।


विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी।

### फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगी सिंधु

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे।अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

## फिडे ने की घोषणा

# भारत 23 साल बाद करेगा चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था।

### गुकेश, प्रज्ञानानंद और एरिगैसी लेंगे हिस्सा

आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, 'हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैमः अर्जुन छठे स्थान पर

**लास वेगास।** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर. प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया। अरोनियन ने टूर्नामेंट जीतने पर 200000 डॉलर जबकि अर्जुन ने 40000 डॉलर की पुरस्कार राशि हासिल की। प्रज्ञानानंद ने भी सुनिश्चित किया कि वह ज़्यादा पीछे न रहें और अंतिम राउंड में जीत के बाद कुल 30000 डॉलर की राशि अपने नाम की।

# एक साल बाद फिर टेनिस कोर्ट में दिखेगा वीनस का जलवा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने कहा,'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'



### वीनस ने आखिरी टूर्नामेंट मियामी ओपन मार्च 2024 में खेला था

वीनस ने कहा कि, हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं।

### वीनस ने जीते सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह

### आईसीसी ने बनाई कमेटी, दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर करेगी विचार

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था। गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मौजूदा स्काडा प्रणाली का उन्नयन हेतु निविदा सूचना**

निविदा संख्याः टीआरडी–बीएसपी–ईपीसी–01–25–26. दिनांक 14.07.2025.
कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में मौजूदा स्काडा प्रणाली का उन्नयन।
निविदा मूल्यः ₹ 18,53,07,066.00/-। बयाना राशिः ₹ 9,26,500.00/-। निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 12.09.2025 के 15:00 बजे तक।
पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.)
सीपीआर/10/180 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway X@secrail

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
No.: 03-03/P-I/TN-217/2025-26/2972 dtd. 18/07/2025
**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE No. TN-217/2025**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for the supply of following item to ABVTPS, Marwa of CSPGCL as per details given below: -

| Sl. No. | Tender No. / Rfx no. | Description | Due date & time for submission of bid |
|---|---|---|---|
| 01 | 03-03/TN-217 /T-(CP-265)/ 2025; Rfx No.:- 8100045180 (With RLA) | Supply of 6.6KV (UE) XLPE Aluminium Conductor Power Cable to ABVTPS, Marwa ofCSPGCL | 12/08/2025 At 15.00 Hrs. |

For qualifying conditions of tender and other details kindly visit our website http://cspc.co.in/cspgcl/tendernotices/central offices. The tender document can be viewed and downloaded online from SAP SRM E- Procurement Portal http://www.cspc.co.in>ebidding>ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.Any corrigendum/amendments, if required, shall be displayed on above website only.
SAVE ELECTRICITY
EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय: साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फा.क्र./ 649, 651, 652,656 एवं 659 / निर्माण (दर्री जोन) / 2025, कोरबा, दिनांक 16.07.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि– 05.08.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि –05.08.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 48 अंतर्गत मेन रोड दर्री सामुदायिक भवन में संधारण एवं नयी सुविधाओं का विस्तार कार्य। (पार्षद निधि, वर्ष 2024–25) (प्रथम निविदा) | 7,00,000/– | 5,300/– |
| 2 | वार्ड क्र. 55 मिडिल स्कूल सुमेधा में मंच मरम्मत एवं विस्तार कार्य। (पार्षद निधि, वर्ष 2025–26) (प्रथम निविदा) | 7,00,000/– | 5,300/– |
| 3 | वार्ड क्र. 59 दर्रीखार क्र. 01 के फर्टीलाइजर बस्ती में सामुदायिक भवन एवं मंच का मरम्मत कार्य। (पार्षद मद, वर्ष 2024–25) (प्रथम निविदा) | 7,00,000/– | 5,300/– |
| 4 | वार्ड क्र. 54 में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल गोपालपुर में किचन शेड निर्माण व अन्य विस्तार कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2025) (प्रथम निविदा) | 5,00,000/– | 5,000/– |
| 5 | वार्ड क्र. 58 अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर स्थित सार्वजनिक भवन में मरम्मत एवं संधारण एवं नई व्यवस्था का कार्य। (पार्षद मद, वर्ष 2024–25) (प्रथम निविदा) | 7,00,000/– | 5,300/– |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

# इस ग्रह पर 80 साल का होता है एक दिन, पलक झपकते आएगा बुढ़ापा

वॉशिंगटन। आज हम आपको ऐसे ग्रह के बारे में बताने वाले हैं जहां आप 1 साल में अपनी पूरी जिंदगी बिता लेंगे और आपकी उम्र 80 पार कर जाएगी। इसकी रफ्तार और धरती से इसकी दूरी इतना ज्यादा हैरान करने वाली है जिसने वैज्ञानिकों को भी सोचने में मजबूर कर दिया। यूरेनस या यूरेनस ग्रह हमारे सौरमंडल में स्थित सातवां ग्रह है जो थोड़ा तिरछे घूमने के लिए और अनोखी नीली चमक के लिए जाना जाता है। ये बर्फील विशालकाय ग्रह की सूर्य से दूरी 2.9 अरब किमी की है और इसका व्यास 51,000 किलोमीटर का है, जो धरती से लगभग 4 गुना बड़ा है। सूर्य के प्रकाश को भी यहां तक पहुंचने में ढाई घंटों का समय लगता है। इसका तापमान -224 डिग्री है।

## सूरज से 4 गुना बड़ा और -224°C ठंडा!

### कैसे हुई इस ग्रह की खोज?

1781 में विलियम हर्शेल इस ग्रह की खोज की थी। हर्शेल ने पहले इस एक धूमकेतु समझा था, लेकिन जर्मन खगोलशास्त्री जोहान बोडे ने इस ग्रह के तौर पर साबित किया.बोडे ने ग्रीक देवता के इसका नाम यूरेनस रखा। इसकी हरा-नीला रंग वायुमंडल में मौजूद मीथने की वजह से है। ये गैस लाल रंग को रोशनी सोख लेता है जिससे नीला-हरा रंग उभरता है। इसका वायुमंडल 83% हाइड्रोजन, 15 प्रतिशत हीलियम और 2 फीसदी मीथेन से बना है।



### क्या है इसकी तिरछी चाल?

यूरेनस 98 डिग्री पर झुका हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अरबों साल पहले धरती के आकार का पिंड इससे टकराया था जिसने इसे तिरछा कर दिया। इस ग्रह के हर ध्रुव पर 42 साल सूरज की रोशनी और 42 सालों का अंधेरा देखना पड़ता है। इस ग्रह का एक दिन 17 घंटे 14 मिनट का होता है क्योंकि इसकी गति बहुत तेज है। हालांकि, सूर्य का एक चक्कर लगाने में इस ग्रह को 84 अर्थ ईयर्स का समय लगता है।

### कैसी है यूरेनस की बनावट?

यह एक बड़ा बर्फीला ग्रह है जिसमें पानी, मीथेन और अमोनिया की मोटी परत है। इसमें कोई भी ठोस सतह नहीं है बल्कि सिर्फ गैस और लिक्विड की परते हैं। यूरेनस का चुम्बकीय क्षेत्र बेहद अजीब है। 1986 में वॉयेजर 2 ने इसे मापा जिसके बाद पता चला कि इसके उत्तरी गोलार्ध की चुंबकीय शक्ति दक्षिणी गोलार्ध से 10 गुना ज्यादा है।

### क्या है इसके रिंग्स का रहस्य?

इस ग्रह के पास 28 चंद्रमा हैं जिसमें सबसे प्रमुख मिरांडा, एरियल, अंब्रियल, टाइटेनिया और ओबेरोन हैं। इसके अलावा इसके पास 13 रिंग्स है जिसमें 9 अंदरूनी ग्रे रिंग्स भी शामिल हैं। इसका तापमान -224 डिग्री तक गिर जाता है जो इसे सौरमंडल का सबसे ठंडा ग्रह बनाता है। यूरेनस 4.5 अरब साल पहले प्रीसोलर नेबुला से बना जब गैस और डस्ट पार्टिकल्स इकट्ठा होकर ग्रह बने। हालांकि इसके बनने और खिसकने की कहानी अभी भी पहेली है।

## रोचक खबरें



दो भाइयों की एक महिला संग शादी पर क्या कह रहे लोग

### हिमाचल में लुप्त हो रही बहुपति परंपरा फिर कैसे हुई जिंदा?

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिलाई गांव में एक अनोखी शादी हुई। हट्टी जनजाति के दो भाइयों प्रदीप और कपिल ने एक ही महिला सुनीता चौहान से शादी की। यह शादी बहुपति प्रथा के तहत हुई। जो इस जनजाति में सदियों से चली आ रही है। 12 जुलाई को शुरू हुई शादी की रस्में तीन दिनों तक चलीं। इस दौरान कई लोग इस अनूठी शादी के गवाह बने। सुनीता और दोनों दूल्हों ने कहा कि उन्होंने यह फैसला बिना किसी दबाव के लिया है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के ट्रांस-गिरी इलाके में यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। सुनीता चौहान कुन्हाट गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वह इस परंपरा के बारे में जानती थीं और उन्होंने अपनी मर्जी से यह फैसला लिया है। सुनीता ने कहा कि वह इस नए रिश्ते का सम्मान करती हैं। प्रदीप शिलाई गांव में रहते हैं और एक सरकारी विभाग में काम करते हैं। उनके छोटे भाई कपिल विदेश में नौकरी करते हैं। प्रदीप ने कहा कि हमने इस परंपरा का पालन खुले तौर पर किया। क्योंकि, हमें इस पर गर्व है और यह हम सबका मिलकर लिया गया फैसला था। कपिल ने बताया कि भले ही वह विदेश में रहते हैं, लेकिन इस शादी के जरिए वे अपनी पत्नी के लिए एक संयुक्त परिवार के रूप में सहारा, स्थिरता और प्यार सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा पारदर्शिता में विश्वास रखते हैं। कपिल के अनुसार, वे तीनों मिलकर एक खुशहाल जीवन बिताएंगे।

### काले रंग का होता है इस जानवर का दूध; वैज्ञानिक भी रह गए दंग

**लंदन।** धरती पर एक ऐसा जानवर रहता है जिसके दूध का रंग पीला या सफेद नहीं, बल्कि काले रंग का है। ये काला गैंडा है जिसे अफ्रीकी ब्लैक राइनो के नाम से भी जाना जाता है। ये जानवर अपने दूध के अनोखे रंग के लिए वैज्ञानिकों में जिज्ञासा का विषय बना हुआ है। साथ ही इसका दूध बहुत ही खास माना जाता है। अफ्रीकी ब्लैक राइनो का दूध इसलिए भी काला होने के पीछे वजह है विशेष रासायनिक संरचना। इस जानवर के दूध में मेलेनिन जैसे तत्व हो सकते हैं, जो इसे गहरा रंग देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये दूध बारी स्तनधारियों के दूध से बिल्कुल ही अलग है। इसका दूध पानी जैसा पतला और हल्का होता है और इसमें फैट की मात्रा 0.2 प्रतिशत होती है। हालांकि, इसका स्वाद और बनावट इंसानों के लिए अजीब हो सकता है। काला गैंडा या ब्लैक अफ्रीकन राइनो अफ्रीका के घने जंगलों में पाया जाता है। जैसे केन्या, तंजानिया और साउथ अफ्रीका। आपको बता दें कि ये प्रजाति आईयूसीएन की रेड लिस्ट में है। अवैध शिकार और आवास के खत्म होने की वजह से इनकी आबादी तेजी से कम हो रही है।



### मां और बहनों के बाल नोचकर खा जाती थी लड़की, पेट से निकला आधा किलो बालों का गुच्छा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद एक युवती के पेट से आधा किलो बालों का गुच्छा निकाला है। दरअसल, बचपन से ही युवती को बाल खाने लत लग गई थी। युवती अपने मां और बहनों के बाल नोचकर खा जाती थी। युवती कौशांबी जिले की रहने वाली है और उसका नाम मंजू है। लड़की की उम्र 21 साल है। जिले के अंडवा पश्चिम शरीरा सरसावा की रहने वाली है। वो बचपन से ही मानसिक तनाव और व्यवहारगत विकृति से जूझ रही थी। मानसिक असंतुलन की वजह से ही युवती को बाल खाने की लत लग गई थी। अक्सर युवती अपनी मां और बहनों के नोचकर खा जाती थी। इससे ही उसके पेट में धीरे-धीरे बालों का गुच्छा बन गया। युवती को लगातार तेज पेट दर्द होने लगा और उल्टी होने लगी। उसे भूख भी नहीं लगती थी और वजन तेजी से गिरने लगा। युवती के परिवार वाले उसे कई अस्पतालों में ले गए। कई अल्ट्रासाउंड और जांच के बाद भी बीमारी का पता नहीं चल पाया। कोई डॉक्टर युवती के ऑपरेशन के लिए राजी नहीं हुआ। आखिरकार युवती के परिवार वाले उसे प्रयागराज के नारायण स्वरूप अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने सफलतापूर्वक युवती का ऑपरेशन करके पेट से बालों का गुच्छा निकाला। डॉक्टरों के मुताबिक, बालों के गुच्छे का वजन करीब आधा किलो है, जो 1.5 फीट लंबा और 10 सेंटीमीटर मोटा है।



# बजट की मार! नीलाम होने को तैयार हैं नासा का सैटेलाइट्स

वॉशिंगटन। अब तक आपने लोगों को पैसों की कमी के चलते कार-बाइक की नीलामी करते या बेचते जरूर देखा होगा। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा था कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब दुनिया की सबसे अमीर स्पेस एजेंसी को पैसों का जुगाड़ करने के लिए सैटेलाइट्स बेचने पड़ेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक नासा की जेट प्रोपल्शन लैब अपने कुछ सैटेलाइट बेच रही है, जिसे बिजनेस सेल कहा जा रहा है। यह ऐसे समय में किया जा रहा है जब ट्रंप प्रशासन अंतरिक्ष एजेंसी के फंड में कटौती करने की योजना बना रहा है। इस कटौती से दूसरों ग्रहों से जुड़े प्रोजेक्टस के अलावा धरती से संबंधित कई प्रोजेक्ट भी प्रभावित होंगे।


## ट्रंप के फैसले पर वैज्ञानिक नाराज


### क्या काम करते हैं सैटेलाइट?

यह ध्यान देने वाली बात है कि सैटेलाइट पर्यावरण और मौसम से जुड़ी बहुत ही अहम जानकारी देते हैं। ये बड़े बदलाव और तूफान जैसी घटनाओं के बारे में चेतावनी भी देते हैं। ट्रंप अक्सर इस बात को नकारते हैं कि जलवायु परिवर्तन असली है, जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह गैर-गंभीर रवैया नासा के कई सारे मिशनों को बंद करने की वजह है।

### किन सैटेलाइट्स की लगी है सेल?

बिक्री के लिए कई पृथ्वी-निगरानी सैटेलाइट उपलब्ध हैं, जिन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की जांच की है। कुछ ऐसी सैटेलाइट्स भी हैं, जिनका प्रक्षेपण अभी बाकी है। यह बिक्री दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए पैसों को जुटाने का तरीका है।



### क्यों उड़ रहा है मजाक?

इसी बीच कुछ लोगों को इस पोस्ट में मजाक भी दिखा। जेपीएल के सीनियर इंजीनियर लुइस अमारो ने लिंक्डइन पर लिखा, हमें इन दिनों JPL नें मजाक करने का मूड बनाए रखना होगा। नासा के आर्टेमिस आईवी के मिशन इंटीग्रेशन हेड यूसुफ जॉनसन, जो बजट कटौती से प्रभावित होने वाले मिशन में से एक है, डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वालों की आलोचना करते हुए कहा, सांप का तेल अभी भी बिकता है।

### कितनी होगी बजट में कटौती?

बजट में हो रही इस कटौती से वैज्ञानिक नाराज हैं। बता दें कि ट्रंप प्रशासन नासा के विज्ञान निदेशालय के बजट में आधे से भी ज्यादा कटौती की योजना बना रहा है। काउइंग ने लिखा कि, लैब सैटेलाइट को सरकारी और निजी क्षेत्र के खरीदारों को सौंपने या बेचने पर विचार किया जा रहा है जिससे पैसे जुटाने में कुछ मदद

# नीलकंठ नहीं...इस पक्षी को देखना भी शुभ, कभी जमीन पर नहीं रखता पंजा

**नई दिल्ली।** अभी तक लोग यही जानते-मानते थे कि नीलकंठ पक्षी के दर्शन बेहद शुभ होते हैं। लेकिन, मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक ऐसा पक्षी पाया जाता है, जिसके साथ भी मान्यता है कि इसके दर्शन बहुत लाभकारी होते हैं। ये दुर्लभ पक्षी है जो बहुत कम दिखता है। कबूतर की तरह दिखने वाला यह पक्षी दूसरे पक्षियों से अलग है। कहते हैं कि यह पक्षी जमीन पर अपने पैर नहीं रखता है।

**कौन सा पक्षी जमीन पर पैर नहीं रखता :** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की जूलॉजी (जीव-जंतु) विभाग की एचओडी डॉ. अर्चना चौहान ने बताया, इस पक्षी को हरियाल कहते हैं। ये दुनिया का एकमात्र ऐसा पक्षी है जो कभी अपना पैर जमीन पर नहीं रखता है। हरियाल जब भी जमीन पर आता है तो अपने पैरों में लकड़ी दबा कर लाता है। जब जमीन पर आता है तो उस लकड़ी पर बैठ जाता है। इस लकड़ी को वह अपने से कभी अलग नहीं करता, खासकर जब वह जमीन पर आता है। अगर वह जमीन पर बिना लकड़ी के सहारे गिर जाता है तो फिर वह उठ नहीं पाता।

### महाराष्ट्र का राजकीय पक्षी कौन है?

दरअसल, हरियाल पक्षी जंगल के ऊंचे पेड़ पर रहना पसंद करता है। यह अक्सर अपना घोसला पीपल और बरगद पर बनाता है। इस पक्षी को हरियाल, हरियल और हारिल भी कहा जाता है। इसका अर्थ पीले पैरों वाला हरा कबूतर है। बता दें, यह पक्षी महाराष्ट्र राज्य का राजकीय पक्षी भी है।



### उड़ा रहे, पर जा ही नहीं रहा

छतरपुर के रहने वाले दीपक बताते हैं कि यह पक्षी उनकी दुकान में आकर बैठ गया था › इसके बाद यह कहीं गया ही नहीं, तब से यहीं पर है। इसके बाद इसे हम घर ले आए, ताकि कुत्ते-बिल्ली से सुरक्षित रहे › इसे उड़ाने की बहुत कोशिश की, लेकिन यह उड़ान ही नहीं भरता है।

### हरियाल पक्षी जमीन पर क्यों नहीं बैठते?

एक्सपर्ट की मानें तो हरियाल पक्षी के बारे में मान्यता है कि यह अपने पूरे जीवन में कभी जमीन पर पैर नहीं रखता है। क्योंकि, यह पक्षी वृक्षवासी होते हैं। अक्सर पेड़ों पर ही रहना पसंद करते हैं।

### हरियाल पक्षी क्या खाता है?

हरियाल पक्षी का कैमोफ्लोज बड़ा अच्छा होता है। इनका रंग पत्तियों में घुल-मिल सा जाता है। हरियाल एक शर्मिला पक्षी है, इसलिए इंसानों की नजरों में इतनी आसानी से नहीं आता › हरियाल के जमीन पर ना उतरने के दो कारण हैं। हरियाल ताजा फूल, फल एवं कलियां खाते हैं। इस वजह से इन्हें पानी की आवश्यकता कम होती है। जब इन्हें पानी की आवश्यकता पड़ती है तो ये पत्तों पर जमी ओस की बूंदों से भी प्यास बुझा सकते हैं। इस पक्षी का स्वभाव संकोची है।

### हरियाल को देखना शुभ!

पौराणिक किताबों में और लोकगीतों में वर्णन मिलता है कि हिंदू धर्म में इस पक्षी को देखना बड़ा शुभ माना जाता है। अगर यह अपना घोसला बनाता हुआ दिख जाए तो इसे और भी शुभ माना जाता है। अगर इसके पैर में पकड़ी लकड़ी दिख जाए तो समझो सोने पर सुहागा।

### सुपरमार्केट के बीच मौजूद है चट्टान, जिसे देखने के लिए जुटती है लोगों की भीड़



**तेलिन।** यूरोपीय देश एस्टोनिया के एक शॉपिंग मॉल में एक बड़ी सी चट्टान को रखा गया है। एस्टोनिया के हाबनेमे शहर कावीम्सी शॉपिंग सेंटर इस बड़ी सी चट्टान के कारण मशहूर है। जो इसकी इमारत के ठीक बीचोंबीच स्थित है और वो भी सुपरमार्केट में रखी गई है जहां आमतौर पर लोग सब्जी, फल, ग्रॉसरी या कपड़े खरीदने जाते हैं। इस एस्टोनियाई सुपरमार्केट की यह चट्टान, जिसकी परिधि लगभग 22 मीटर और ऊंचाई लगभग 6 मीटर है, जिसमें ज़मीन में दबा हुआ हिस्सा भी शामिल है। यह पत्थर लोगों की खरीदारी यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण बन चुका है। यह चट्टान शॉपिंग सेंटर के बनने से हज़ारों साल पहले से वहां मौजूद थी। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि यह लगभग 10,000 साल पुरानी है। इसके बारे में तब पता चला जब सितंबर 2014 में इमारत की नींव खोदी जा रही थी। पहले मजदूरों ने इसे डायनामाइट से उड़ाने की योजना बनाई थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


# अब चांद पर होगी इंसानी बस्ती...

## चंद्रमा पर बसने की रेस में शामिल हुए भारत-अमेरिका, 2045 तक बनाएगा बेस

सियोल। कोरिया 2045 तक चंद्रमा पर बेस बनाना चाहता है। ये जानकारी कोरिया एयरोस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा डेजॉन में कोरिया के राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन में सुनवाई के दौरान पेश किए गए रोडमैप में दी गई। इसमें 5 मुख्य मिशनों के बारे में बताया गया है। इसमें पृथ्वी की कम कक्षा और कम ग्रैविटी की खोज और स्पेस साइंस मिशन शामिल हैं। पिछले साल ही बनी कासा के लक्ष्य है कि वह अपने देश में ही चंद्रमा पर लैंडिंग और रोवर चलाने की तकनीक बनाए।

### कितना अनुभवी है दक्षिण कोरिया?

दक्षिण कोरिया के पास पहले से चंद्रमा पर काम करने का कुछ अनुभव है। 2022 में देश ने अपना पहला चंद्रमा जांच लॉन्च किया था, जिसका नाम कोरिया पाथफाइंडर लूनर ऑर्बिटर या दानुरी है। इसे स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से भेजा गया था। 4 महीने बाद दानुरी अंतरिक्ष में पहुंचा और अभी भी अपने डिवाइसेज से चंद्रमा का अध्ययन कर रहा है।



### क्या अंतरिक्ष में भी होगी खुदाई?

कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ जियोसाइंस एंड मिनरल रिसोर्सेज ने हाल ही में एक बंद पड़ी कोयला खदान में चंद्रमा पर चलने वाले रोवर के शुरुआती मॉडल का इस्तेमाल किया है। यहां पर कोरिया ने ऐसी तकनीक का परीक्षण किया है, जिसका इस्तेमाल भविष्य में अंतरिक्ष में खुदाई के लिए किया जा सकता है।

### चंद्रमा पर उतरेगा रोबोटिक लैंडर?

दक्षिण कोरिया पहले से ही चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने कहा कि वह 2032 तक चंद्रमा पर एक रोबोटिक लैंडर उतारना चाहते हैं। लेकिन, हाल में पेश की गई योजना इस मिशन को और भी बड़ा बना देती है। हालांकि, इसमें दक्षिण कोरिया अकेला देश नहीं है, बल्कि नासा भी आर्टेमिस प्रोग्राम से अगले 10 सालों में चंद्रमा पर एक बेस बनाने की योजना बना रहा है। भारत भी इस मामले में पीछे नहीं है, भारत 2047 तक चंद्रमा पर बेस बनाने की योजनाएं बना रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com